दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-317 सीहोर, बुधवार 04 फरवरी 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## लोकसभाः हंगामें के चलते कामकाज प्रभावित, 8 विपक्षी सांसद निलंबित



नई दिल्ली,(ए.)। लोकसभा में मंगलवार को विभिन्न मुद्दों पर हंगामा होता रहा और इसके चलते सामान्य कामकाज प्रभावित रहा। सुबह भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर और बाद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वक्तव्य को लेकर हंगामा हुआ। इसके चलते सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित हुई और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नेता विपक्ष राहुल गांधी को सत्ता पक्ष के लोग बोलने नहीं दे रहे हैं। इसके विरोध में कुछ सांसदों ने आसन (अध्यक्षीय चेयर) की ओर कागज फाड़कर फेंके। बाद में संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू के प्रस्ताव लाने के बाद 7 कांग्रेस और 01 माकपा सदस्य को सत्र की बाकी अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित किए गए सांसद-मणिकम टैगोर (कांग्रेस), अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग (कांग्रेस), गुरजीत सिंह औलजा (कांग्रेस), हिबी ईडेन (कांग्रेस), डॉ. प्रशांत यादव राव पाडोले (कांग्रेस), दीन कुरियाकोसे (कांग्रेस), किरण कुमार रेड्डी (कांग्रेस) और एस. वेंकटेशन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)। रिजिजू ने अपने प्रस्ताव में कहा कि इन सांसदों ने सदन और अध्यक्ष की गरिमा के प्रति गंभीर अशोभनीय आचरण किया है। इन सदस्यों ने महासचिव की मेज़ तथा अन्य अधिकारियों की मेज़ तक पहुँचकर अध्यक्ष की ओर कागज़ फेंके।

### लोकसभा से विपक्षी सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, राहुल बोले- दबाव में प्रधानमंत्री



नई दिल्ली, (ए.)। लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने से रोके जाने पर हुए हंगामे के चलते कांग्रेस के 7 सहित कुल 8 विपक्षी सांसदों को पूरे सत्र से निलंबित किए जाने के खिलाफ पार्टी सांसदों ने संसद भवन के बाहर मकर द्वार पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी शामिल हुए।कांग्रेस ने अपने सांसदों के निलंबन को लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए कड़े शब्दों में इसकी आलोचना की है।राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें सदन में अपनी बात रखने नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार नेता प्रतिपक्ष को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में बोलने से रोका गया है।

## भारत-अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील, मेक इन इंडिया को देगी नई गति : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (निप्र.)। मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। भारत-अमेरिका के बीच हुई नई ट्रेड डील अभिनन्दनीय है। यह ट्रेड डील, मेक इन इंडिया को नई गति देगी। इससे देश को प्रगति के नए अवसर प्राप्त होंगे। यह डील भारत के सशक्त नेतृत्व और विकास में साझा विश्वास को दर्शाता है।




असम राज्य आंगनवाड़ी कर्मी के सदस्यों ने गुवाहाटी के चचल में केंद्रीय बजट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## शिवपुरी में बिजली गिरी, किसान जिंदा जला

### ग्वालियर-मंदसौर में ओले, भिंड समेत 8 जिलों में बारिश, दिल्ली से आने वाली कई ट्रेनें लेट



भोपाल (ए.)। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने से मध्य प्रदेश में ओले, बिजली, बारिश और आंधी का दौर जारी है। बीती रात से मंगलवार सुबह तक प्रदेश के कई जिलों में ओले-बारिश का दौर जारी रहा। शिवपुरी में झोपड़ी पर बिजली गिरने से किसान जिंदा जल गया। ग्वालियर और मंदसौर जिले में ओले गिरे, जबकि भोपाल, भिंड, छतरपुर, राजगढ़, आगर-मालवा और गुना में बारिश हुई। इससे पहले सुबह रायसेन में ओस की बूंदें जम गईं। ग्वालियर में ओले गिरे, जिससे फसलों को नुकसान हुआ है।मौसम विभाग ने मंगलवार को भोपाल, ग्वालियर, रीवा समेत 20 जिलों में मावठा गिरने का अलर्ट जारी किया है। भोपाल और सीहोर में 50 मीटर तक विजिबिलिटी दर्ज की गई। यानी, यहां पर 50 मीटर के बाद कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। दतिया, रायसेन, उज्जैन, मुरैना, देवास, धार, इंदौर, खजुराहो, रीवा, सतना, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, राजगढ़, रतलाम, श्योपुर, शिवपुरी कोहरे के आगोश में रहे।

## युमनाम खेमचंद सिंह होंगे मणिपुर के नए मुख्यमंत्री



नई दिल्ली,(ए.)। भाजपा विधायक और मणिपुर विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष युमनाम खेमचंद सिंह को मंगलवार को सर्वसम्मति से राज्य में पार्टी विधायकों का नेता चुना गया है। इसके साथ ही वे अब मणिपुर के नए मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। राज्य में पिछले एक साल से राष्ट्रपति शासन है।दिल्ली में पार्टी विधायकों की बैठक के बाद भाजपा नेता सिंह को नेता चुना गया। बाद में केंद्रीय पर्यवेक्षक तरुण चुघ ने पारंपरिक पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह, मणिपुर प्रदेश अध्यक्ष अधिकारिमयूम शारदा देवी और पूर्वोत्तर के प्रभारी संबित पात्रा भी मौजूद रहे।

## मेलबर्न में गांधीजी की मूर्ति चुराए जाने की भारत ने कड़ी निंदा की





नई दिल्ली,(ए.)। विदेश मंत्रालय ने मेलबर्न के रोविल में ऑस्ट्रेलियन इंडियन कम्युनिटी सेंटर में महात्मा गांधी की नई मूर्ति के चोरी होने की घटना की कड़ी निंदा की है और ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों से तुरंत मूर्ति बरामद कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।ऑस्ट्रेलिया में महात्मा गांधी की प्रतिमा के संबंध में मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम मेलबर्न के रोविल स्थित ऑस्ट्रेलियाई भारतीय सामुदायिक केंद्र में अज्ञात लोगों द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा को तोड़फोड़ कर हटाए जाने की कड़ी निंदा करते हैं। हमने इस मामले को ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के समक्ष उठाया है। उनसे लापता प्रतिमा को बरामद करने और दोषियों को सजा दिलाने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। उल्लेखनीय है कि मेलबर्न के रोविल स्थित ऑस्ट्रेलियाई भारतीय सामुदायिक केंद्र के बाहर से महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा चोरी हो गई है। यह प्रतिमा नई दिल्ली स्थित भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) की ओर से उपहार स्वरूप दी गई थी। स्थानीय समाचार रिपोर्टों के अनुसार चोरी सोमवार को लगभग 12:50 बजे हुई। पुलिस ने बताया कि तीन अज्ञात अपराधियों ने 426 किलोग्राम की प्रतिमा को उसके आधार से काटने के लिए एंगल ग्राइंडर का इस्तेमाल किया।

## बोइंग 787 की उड़ान पर फिर सवालः एअर इंडिया के विमान में 'फ्यूल कंट्रोल स्विच' में खराबी, जांच तेज

नई दिल्ली,(ए)। एअर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान में एक बार फिर तकनीकी खामी सामने आई है। लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से बेंगलुरु तक उड़ान भरने वाले विमान (फ्लाइट नंबर एआई-132) में फ्यूल कंट्रोल स्विच में संभावित खराबी की शिकायत पायलट ने दर्ज कराई है। विमान में 200 से अधिक यात्री सवार थे। सोमवार सुबह बेंगलुरु में सुरक्षित लैंडिंग के बाद पायलट ने डिफेक्ट लॉग बुक में उल्लेख किया कि बाएं इंजन का फ्यूल कंट्रोल स्विच 'रन' पोजिशन से फिसलकर 'कट-ऑफ' की ओर जा रहा था और अपनी जगह पर लॉक नहीं हो पा रहा था। फ्यूल कंट्रोल स्विच का इस्तेमाल इंजन को स्टार्ट और बंद करने के लिए किया जाता है। उड़ान के दौरान इसमें गड़बड़ी होना गंभीर सुरक्षा जोखिम माना जाता है। पायलट की रिपोर्ट मिलते ही एअर इंडिया ने संबंधित विमान को तुरंत ग्राउंड कर दिया और जांच के लिए मूल उपकरण निर्माता बोइंग को शामिल किया।

## पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत ने व्यापारिक समझौतों की झड़ी लगा दीः रिजिजू

### - ट्रेड डील के बाद एनडीए संसदीय बैठक में पीएम मोदी का तालियों से स्वागत



नई दिल्ली,(ए.)। पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर हुई चर्चा के बाद अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर लगने वाले टैरिफ को 25 से घटाकर 18फीसदी करने का ऐलान किया है। भारत-अमेरिका के बीच एक ऐतिहासिक ट्रेड एग्रीमेंट के बाद मंगलवार को एनडीए संसदीय बैठक में पीएम मोदी का तालियों और तारीफों के साथ स्वागत किया गया। पीएम मोदी से फोन पर बात करने के बाद ट्रंप ने घोषणा की कि भारत और अमेरिका एक ट्रेड डील पर सहमत हुए हैं, जिसके तहत वाशिंगटन भारतीय सामानों पर आपसी टैरिफ को मौजूदा 25 से घटाकर 18 फीसदी कर देगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक में कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत ने व्यापारिक समझौतों की झड़ी लगा दी है। उन्होंने भारत की बढ़ती वैश्विक साख को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में यूरोपीय संघ, यूएई, मॉरीशस, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और अब अमेरिका के साथ अहम व्यापारिक समझौते किए हैं। ये समझौते न केवल भारत के प्रति दुनिया के भरोसे को दर्शाते हैं, बल्कि आने वाले समय में देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।रिजिजू ने बताया कि यह कोई मामूली उपलब्धि नहीं है।

## कश्मीर में रात का तापमान बढ़ा, श्रीनगर में तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज

श्रीनगर,(ए.)। पूरे कश्मीर में रात के तापमान में मामूली वृद्धि दर्ज की गई। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य मौसमी औसत से तीन डिग्री अधिक है। ग्रीष्मकालीन राजधानी में



रात के तापमान में वृद्धि घाटी के सबसे कठोर 40-दिवसीय शीतकालीन चरण चिल्लई कलां के समापन के बाद से धीरे-धीरे लेकिन लगातार हो रही है।बारामूला जिले का प्रसिद्ध स्की स्थल गुलमर्ग जम्मू-कश्मीर में सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। इसके बावजूद वहां का तापमान वर्ष के इस समय के सामान्य औसत शून्य से 7.4 डिग्री सेल्सियस से लगभग दो डिग्री अधिक था। दक्षिण कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन केंद्र और वार्षिक अमरनाथ यात्रा के आधार शिविर पहलगाम में भी न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। पारा चार डिग्री से अधिक चढ़कर शून्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया। घाटी में अन्य जगहों पर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कोकेरनाग शून्य डिग्री पर शून्य डिग्री पर पहुंच गया, जबकि कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।




## बंगाल के कई शहरों में ईडी की ताबड़तोड़ छापेमारी, लाखों की नकदी बरामद

कोलकाता,(ए.)। कोयला और बालू तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार सुबह पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में एक साथ बड़ी कार्रवाई शुरू की। कोलकाता, दुर्गापुर और आसनसोल सहित विभिन्न जगहों पर चल रही इस छापेमारी के दौरान व्यवसायी राजेश बंसल के आवास से कथित तौर पर कई लाख नकद बरामद किए गए हैं। ईडी सूत्रों के मुताबिक, बरामद रकम के स्रोत को लेकर व्यवसायी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।जांच के दौरान दोपहर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के अधिकारी भी बस्तों के साथ मौके पर पहुंचे। इससे पहले सुबह करीब साढ़े छह बजे ईडी की तीन गाड़ियां कोलकाता से पश्चिम बर्दवान के जामुड़िया पहुंचीं और जामुड़िया बाजार से सटे पंजाबी मोड़ इलाके में व्यवसायी रमेश के घर पर तलाशी शुरू की गई।ईडी की कार्रवाई यहीं तक सीमित नहीं रही। व्यवसायी राजेश बंसल के दोनों पुत्र सुमित बंसल और अमित बंसल के आवासों पर भी तलाशी ली गई।

## मप्र में जहरीले कफ सीरप से 25वीं मौत, 4 महीने कोमा में रहने के बाद जिंदगी की जंग हार गया एक और बच्चा

### - नागपुर एम्स में चार महीने से चल रहा था इलाज



बैतूल/भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के परासिया क्षेत्र में हुए जहरीले कोल्ड्रिफ कफ सिरप कांड के शिकार एक और बच्चे की मौत हो गई। बैतूल जिले के चार वर्षीय हर्ष यदुवंशी की रविवार रात करीब नागपुर एम्स में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह पिछले चार महीने से आईसीयू में भर्ती था और एम्स नागपुर में कोमा में जिंदगी की जंग लड़ रहा था। इस मौत के बाद प्रदेश में जहरीले कफ सीरप के सेवन से मरने वाले बच्चों की संख्या 25 हो गई है।जानकारी के अनुसार, बैतूल जिले के टीकाबर्री निवासी गोकुल यदुवंशी के पुत्र हर्ष को सर्दी खांसी की शिकायत पर एक अक्टूबर 2025 को छिंदवाड़ा जिले के परासिया में एसएस ठाकुर को दिखाया था। ठाकुर की क्लीनिक पर हर्ष को कोल्ड्रिफ सीरप दिया गया था। उसको पीने के बाद हर्ष की हालत बिगड़ गई। बच्चे को गंभीर हालत में परिजन ने नागपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। बाद में जब छिंदवाड़ा और बैतूल में कई बच्चों की मौत हो गई तो प्रशासन हरकत में आया। स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर हर्ष को भी निजी अस्पताल से निकालकर नागपुर एम्स में भर्ती कराया गया। तबसे वह एम्स में ही भर्ती था।डॉक्टरों ने हर्ष की स्थिति शुरुआत से ही नाजुक बताई थी, लेकिन वे धीरे-धीरे रिकवरी होने की बात कह रहे थे। बच्चे के दादा देवा यदुवंशी ने बताया कि उसे भर्ती कराने के बाद से होश नहीं आया। डॉक्टर रोज कहते थे कि अब थोड़ा बेहतर है, लेकिन कल रात वह हमें छोड़ गया।हर्ष के पिता गोकुल पेशे से किसान हैं। उनके दो बेटे हैं, जिनमें हर्ष बड़ा था। बच्चे के इलाज के लिए परिवार के सदस्य पिछले चार महीनों से नागपुर में ही डेरा जमाए हुए थे। एम्स में हर्ष का इलाज तो मुफ्त हुआ, लेकिन परिजनों के नागपुर में रहने और खाने-पीने पर इन चार महीनों में लाखों रुपये खर्च हो चुके हैं। आमला एसडीएम शैलेंद्र बड़ोनिया ने बच्चे की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने से बीमार हुए बच्चों में बैतूल जिले का हर्ष भी शामिल था, जिसे गंभीर हालत में नागपुर एम्स रेफर किया गया था।

## मप्र एसडीएसएफ, आरपीएफ और वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, दुर्लभ प्रतिबंधित 311 कछुए जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



भोपाल, (निप्र.)। मध्य प्रदेश में वन्यजीव तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ), रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) एवं वन मंडल भोपाल की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दुर्लभ एवं प्रतिबंधित प्रजाति के 311 कछुओं को जब्त किया है, साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस मुख्यालय द्वारा मंगलवार को जानकारी दी गई कि गुप्त सूचना के आधार पर एसडीएसएफ, आरपीएफ और वन विभाग की संयुक्त टीम ने रेलगाड़ी संख्या 19322 पटना-इंदौर एक्सप्रेस के प्रथम श्रेणी वातानुकूलित कोच (फर्स्ट एसी) की तलाशी ली गई। इस दौरान आरोपी अजय सिंह राजपूत पुत्र रामकुमार के कब्जे से इन कछुओं को बरामद किया गया।





# प्रदेश में ओला-पाला से प्रभावित फसलों का सर्वे कर किसानों को तत्काल उपलब्ध कराई जाए सहायता राशि : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## राज्य सरकार सरसों को भावांतर योजना में शामिल करने पर कर रही है विचार

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में जहां-जहां भी ओला-पाला से फसलें प्रभावित हुई हैं, उन जिलों के कलेक्टर्स, सर्वे कराकर तत्काल सहायता राशि किसानों को उपलब्ध कराएं। किसानों के सभी प्रकार के हित सुनिश्चित करने और उनकी आय दोगुना करने के उद्देश्य से ही वर्ष-2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कृषक कल्याण कृषि वर्ष में मालवा, निमाड़, चंबल और विंध्य अंचलों में कृषि कैबिनेट आयोजित की जाएगी। कृषि के साथ उद्यानिकी, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन जैसी गतिविधियां अपनाने के लिए कृषकों को प्रेरित किया जा रहा है। हाल ही में प्रदेश में पहली बार राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव आयोजित किया गया। पुष्प उत्पादन और देश-विदेश में फूलों की बेहतर मार्केटिंग व्यवस्था को प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रदेश में नरवाई प्रबंधन और पराली जलाने पर नियंत्रण के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। भावांतर योजना में सरसों और अन्य तिलहन फसलों को भी शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। मूंग के स्थान पर उड़द को प्रोत्साहित करने के लिए नीति बनाई जा रही है। इसके लिए किसानों को प्रेरित करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को कैबिनेट की बैठक से



पहले मंत्रि-परिषद सदस्यों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में राज्य स्तरीय एमपी यूथ गेम्स-2026 के भव्य आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रतिष्ठित आयोजनों में देशज खेलों को भी शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीवा मेडिकल कॉलेज में 750 बेड की क्षमता वृद्धि की गई है। प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेज की क्षमता को भी बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीपशुपतिनाथ लोक में विकसित की गई सुविधाओं और प्रतिमा के क्षरण को रोकने के लिए किए गए उपाय को अनुकरणीय बताया। उन्होंने बताया कि मंदसौर के मल्हारगढ़ में आयोजित अन्नदाता सम्मान समारोह में भावांतर योजना में सोयाबीन उत्पादक एक लाख 17 हजार किसानों के खातें में 200 करोड़ रुपए की भावांतर राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

राजनैतिक विषयों के स्थान पर वित्त आयोग के सुझावों को महत्व देना बजट की विशेषता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में केंद्रीय बजट की विशेषताओं से जनसामान्य को अवगत कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कच्छ में आयोजित रण उत्सव में टेंट सिटी के माध्यम से की गई ईको-सेंसेटिव आवास व्यवस्था और रोजगार के अवसर सृजित करने के नवाचार सराहनीय हैं। उन्होंने गिर राष्ट्रीय उद्यान में सफारी और रेस्क्यू सेंटर में सिंहों को देखने के लिए किए गए प्रयोगों से प्रेरणा लेते हुए उन्हें प्रदेश में लागू करने की दिशा में गतिविधियां संचालित करने की आवश्यकता बताई।

# संक्षिप्त समाचार

## स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स, आरपीएफ और वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

### पटना-इंदौर एक्सप्रेस में 311 दुर्लभ प्रतिबंधित कछुए जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश में वन्यजीव तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (STSF) मध्यप्रदेश, रेलवे सुरक्षा बल (RPF) एवं वन मंडल भोपाल की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 311 दुर्लभ एवं प्रतिबंधित प्रजाति के कछुओं को जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर रेलगाड़ी संख्या 19322 पटना-इंदौर एक्सप्रेस के प्रथम श्रेणी वातानुकूलित कोच (फर्स्ट एसी) में तलाशी के दौरान आरोपी अजय सिंह राजपूत, पिता रामकुमार, के कब्जे से इन कछुओं को बरामद किया गया। इस संबंध में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 237/23, 3 फरवरी 2026 को पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। प्राथमिक जांच में यह वन अपराध अंतर्राज्यीय स्तर का प्रतीत होने के कारण, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश के निर्देश पर प्रकरण दर्ज कर स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी से विस्तृत पूछताछ की जा रही है और उसे 4 फरवरी 2026 को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। जब्त किए गए सभी वन्यजीव कछुओं का वन्यजीव पशु चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने के बाद उन्हें उनके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रूप से मुक्त किया जाएगा।

## 7 फरवरी से शुरु होगा समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन : खाद्य मंत्री श्री राजपूत

भोपाल (ए.)। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसान पंजीयन 7 फरवरी से शुरू होगा। किसान 7 फरवरी से 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। कुल 3186 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रुपये अधिक है। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। इन केन्द्रों पर पंजीयन के लिये शुल्क राशि प्राप्त करने के संबंध में कलेक्टर निर्देश जारी करेंगे। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान-पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। पूर्व वर्षों की किसी अपात्र संस्था में केन्द्र प्रभारी एवं ऑपरेटर को किसी अन्य संस्था में पंजीयन के लिए नहीं रखा जायेगा। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा।

## जमाअत-ए-इस्लामी भोपाल ने किया इस्तक़बाल-ए-रमज़ान जलसे का आयोजन

भोपाल(ए.)। शहर भोपाल जमाअत-ए-इस्लामी द्वारा आने वाले मुक़द्दस माह रमज़ानुल मुबारक के इस्तक़बाल के अवसर पर एक जलसे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सदारत प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन डॉक्टर मुहिउद्दीन ग़ाज़ी ने की। डॉक्टर मुहिउद्दीन ग़ाज़ी ने अपने सदारती संबोधन में रमज़ान की रूहानी अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महीना सब्र, तक़्वा, इबादत और समाजी ज़िम्मेदारियों की याद दिलाता है। उन्होंने रमज़ान के दौरान अख़लाक़ सुधारने और इंसानियत की ख़िदमत पर ज़ोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने क़ुरान को समझकर पढ़ने पर ज़ोर देते हुए कहा कि क़ुरान हिदायत की किताब है, और इससे हिदायत तभी हासिल होगी जब हम इसे समझकर पढ़ें। जमात मध्यप्रदेश के सहायक अध्यक्ष डॉ सैयद शाहिद अली ने रोज़े की अहमियत, कुरआन से लगाव और ज़रूरतमंदों की मदद पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जलसे के आखिर में अमन-ओ-अमान और भाईचारे के लिए दुआ की गई।

## एमपी ट्रांसको के आगर 132 के.वी. सब स्टेशन में किया तकनीकी नवाचार

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने आगर स्थित 132 के.वी. सब स्टेशन में तकनीकी नवाचार करते हुए पुराने कैपेसिटर बैंक के फाउंडेशन पर ही अधिक क्षमता का नया कैपेसिटर बैंक सफलतापूर्वक स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है। मंत्री तोमर ने मंगलवार को बताया कि क्षेत्र में इंडक्टिव लोड बढ़ने के कारण पूर्व में स्थापित 5 एमवीएआर क्षमता का कैपेसिटर बैंक लोड वहन नहीं कर पा रहा था। इससे वोल्टेज प्रोफाइल प्रभावित हो रही था। सीमित स्थान के कारण नए फाउंडेशन का निर्माण संभव नहीं था। वोल्टेज प्रबंधन की चुनौती का समाधान करते हुए एमपी ट्रांसको के सहायक अभियंता योगेश राठौर ने तत्कालीन कार्यपालन अभियंता शेखर फटाले के मार्गदर्शन में पुराने फाउंडेशन का ही उपयोग कर आवश्यक तकनीकी संशोधन किए और उसी फांउडेशन पर 12 एमवीएआर क्षमता का नया कैपेसिटर बैंक स्थापित किया। इससे समय और लागत कम होने के साथ ही क्षमता संवर्धन के लिये अतिरिक्त भूमि की जरूरत नहीं पड़ी।

## यूजीसी के फैसलों के विरोध में क्षत्रिय करणी सेना का मशाल जुलूस, 8 फरवरी को राजभवन तक मार्च

भोपाल (ए)। यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के हालिया फैसलों के विरोध में क्षत्रिय करणी सेना मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मशाल जुलूस निकालेगी। यह जुलूस 8 फरवरी, शनिवार शाम 6 बजे भारत माता चौराहा से शुरू होकर राजभवन तक पहुंचेगा, जहां राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा। क्षत्रिय करणी सेना के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष एवं भोपाल जिला अध्यक्ष आशु सिंह ने मंगलवार को मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा और प्रदेश महिला अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान करेंगी। उन्होंने कहा कि जुलूस में प्रदेशभर से हजारों करणी सैनिकों के शामिल होने की संभावना है। मशाल जुलूस में सवर्ण समाज के नागरिकों की भी व्यापक भागीदारी रहेगी। आशु सिंह के अनुसार यूजीसी से जुड़े हालिया निर्णयों को लेकर समाज में गहरा असंतोष है, जिसे लेकर यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जुलूस पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों और आपत्तियों को राज्यपाल के समक्ष रखा जाएगा। करणी सेना ने आम नागरिकों से भी कार्यक्रम में शामिल होकर अपने अधिकारों की आवाज बुलंद करने की अपील की है।

## रानी कमलापति-दानापुर मध्य होली स्पेशल ट्रेन का संचालन

भोपाल (निप्र)। रेल यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 01667/01668 रानी कमलापति-दानापुर के मध्य 02-02 ट्रिप द्वि-साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

**इस स्पेशल ट्रेन का विवरण इस प्रकार है**

गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-दानापुर द्वि-साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन शुक्रवार दिनांक 27.02.2026 एवं सोमवार दिनांक 02.03.2026 को दोपहर 14:25 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पर पहुँचेगी।



गाड़ी संख्या 01668 दानापुर-रानी कमलापति द्वि-साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन शनिवार दिनांक 28.02.2026 एवं मंडलवार दिनांक 03.03.2026 को सुबह 11:15 बजे दानापुर से प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 08:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पर पहुँचेगी।

ठहराव :- नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा । सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि होली त्यौहार के मद्देनजर यात्री भार को कम करने के उद्देश्य से स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। यात्री ट्रेन के ठहराव, समय एवं संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## जुआ खेलने से रोकना युवक को पड़ा महंगा

### - आरोपी ने पेट्रौल डालकर लगा दी आग, हालत नाजुक

भोपाल(ए)। पुराने शहर के छोला मंदिर थाना इलाके में स्थित नवजीवन कॉलोनी में गली में जुआ खेलने से रोकना एक युवक की जान पर बन आया। उसकी बात से आरोपी को इतना गुस्सा आया की आरोपी बाइक से पेट्रोल निकालकर लाया और युवक पर छिड़ककर उसे आग लगा दी। तेजी से भड़की आग से युवक गंभीर रुप से झुलस गया उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नवजीवन कॉलोनी छोला मंदिर में रहने वाला मनोज वंशकार (32) निजी काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि उसकी गली में जुए की फड़ लगती है। यहॉ आरोपी मनोज कोष्ठी खुद जुआ खेलता है, और लोगों को खिलाता है। रविवार की सुबह से ही कॉलोनी की गली में जुए की फड़ जमी हुई थी। यह देख मनोज वंशकार ने मनोज कोष्ठी से कहा कि वह लोग उसे घर के पास जुआ नहीं खेले। उसकी बात पर आरोपी भड़क गया और बाइक से पेट्रोल निकालकर ले आया। आरोपी ने मनोज वंशकार के साथ मारपीट करते हुए उसके शरीर पर पेट्रोल छिड़क दिया। बताया गया है कि उस समय गली में जल रही आग से वह जलती लकड़ी उठा लाया और और मनोज वंशकार को आग लगा दी। उसके शरीर पर पहले से ही पेट्रोल छिड़का होने के कारण आग तेजी से भड़क गई। परिजनों और गली के लोगों ने किसी तरह उसे आग की चपेट से बचाकर गंभीर रूप से झुलसे मनोज वंशकार को इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया। वहॉ उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मनोज वंशकार के बयान दर्ज करने के बाद आरोपी मनोज कोष्ठी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे दबोचा लिया।

## भोपाल में मासूम इब्राहिम की मौत मामले में पिता गिरफ्तार, फरार अपराधियों को घर में देता था पनाह, अवैध हथियार बरामद

भोपाल(ए)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के गौतम नगर इलाके में तीसरी कक्षा के छात्र इब्राहिम की गोली लगने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने उसके पिता रिजवान लाला को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया है कि रिजवान लाला अपने घर में फरारी काट रहे अपराधियों को शरण देता था। पुलिस ने उसके मकान से अवैध हथियार भी बरामद किए हैं, जिसके बाद उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इब्राहिम की मौत के बाद मामले की गहन जांच की गई, जिसमें रिजवान लाला की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर यह पुष्टि हुई कि वह लंबे समय से फरार अपराधियों को अपने घर में ठहरने की सुविधा देता था। जांच के दौरान पुलिस ने रिजवान लाला के घर से एक देसी पिस्टल सहित अन्य हथियार बरामद किए हैं। इन हथियारों के लिए कोई वैध लाइसेंस नहीं पाया गया, जो सीधे तौर पर आर्म्स एक्ट का उल्लंघन है। इसी आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू की है। शुरुआत में इब्राहिम की मौत को लेकर आत्महत्या या दुर्घटना की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन पिता की गिरफ्तारी के बाद मामले ने गंभीर मोड़ ले लिया है।

## मध्यप्रदेश पुलिस की अवैध शराब निर्माण, परिवहन और विक्रय के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई



भोपाम (ए.)। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध निरंतर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। श्योपुर एवं कटनी जिलों में अलग-अलग मामलों में पुलिस ने अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाई कर 67 लाख 34 हजार रूपये की शराब एवं वाहन जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। श्योपुर जिले में की गई कार्रवाई के तहत थाना देहात पुलिस ने राजस्थान-श्योपुर सीमा क्षेत्र में नाकाबंदी कर एक संदिग्ध ट्रक को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर ट्रक से अंग्रेजी शराब की 635 पेटियां, कुल 4863 बल्क लीटर अवैध शराब प्राप्त हुई, जिसे ट्रक सहित जब्त किया गया। जब्त की गई शराब और ट्रक की अनुमानित कीमत 58 लाख 90 हजार रूपए है। प्रकरण में 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। कटनी जिले में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक कार से कुछ व्यक्ति अवैध शराब लेकर कटनी की ओर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने ग्राम देवरी टोला पर वाहन चेकिंग लगाई। इस दौरान

## रेप के आरोपी की जिला अदालत में पिटाई

### -11वीं की छात्रा से दुष्कर्म कर बनाया था अश्लील वीडियो

भोपाल(ए)। प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित जिला अदालत में बीते दिन उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब 11वीं की छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी की पुलिस हिरासत में कोर्ट परिसर में वकीलो द्वारा जमकर पिटाई की गई। जानकारी के अनुसार कोहेफिजा थाना क्षेत्र में 11 वीं की नाबालिग छात्रा से कार में दुष्कर्म करने वाले आरोपी ओसाफ अली खान को मंगलवार गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में पेश किया गया था। इसी दौरान कोर्ट परिसर में गुस्साए वकीलों ने आरोपी को घेरकर उसकी पिटाई कर दी। हालात बिगड़ते देख पुलिस और वकीलों के बीच गहमा-गहमी और तीखी बहस भी हो गई, जिसका वीडियो भी सामने आए हैं। कोर्ट परिसर में शोर-शराबा और धक्का-मुक्की के चलते कुछ



देर के लिए कामकाज भी प्रभावित हुआ। पुलिस ने बल प्रयोग कर किसी तरह आरोपी को भीड़ से बचाया और सुरक्षित बाहर निकाला। आरोप हैं कि 11वीं की नाबालिग छात्रा को बहला-फुसलाकर आरोपी ने उसे घूमाने के बहाने ले जाकर अपनी कार में उसके साथ दुष्कर्म किया था। इसके दौरान आरोपी ने पीड़िता का चोरी छिपे अश्लील वीडियो बना लिया और फिर उसे ब्लैकमेल करते हुए उस पर साथ आने और धर्म परिवर्तन का दबाव भी डाला गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काहल कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। पेशी के दौरान जैसे ही आरोपी को कोर्ट परिसर में लाया गया, वहां मौजूद आक्रोशित वकीलो ने आरोपी को घेर लिया और उसकी पिटाई शुरू कर दी। हालांकि पुलिस का कहना है कि रेप के आरोपी के साथ वकीलों के द्वारा मारपीट की कोई शिकायत नहीं मिली है, अगर शिकायत आती है, तो नियमनुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के मुताबिक पीड़िता शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ती है, आरोपी अक्सर छात्रा की सहेली से मिलने स्कूल के आसपास आता था।

## विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की निर्णायक भूमिका : मंत्री श्री सारंग

### युवा संवाद-बजट 2026: मंत्री श्री सारंग ने किया युवाओं से संवाद

भोपाल(ए)। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को एक निजी यूनिवर्सिटी में आयोजित युवा संवाद- बजट 2026 कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित होकर युवाओं से संवाद किया। मंत्री श्री सारंग ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं केंद्रीय बजट वर्ष 2026-27 के प्रमुख प्रावधानों, सरकार की दूरदृष्टि और विकसित भारत के संकल्प पर विस्तार से प्रकाश डाला।मंत्री श्री सारंग ने कहा कि यह बजट केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं बल्कि देश के उज्ज्वल भविष्य की सशक्त आधारशिला है। इसमें सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार समाज के हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। यह बजट GYAN (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) पर केंद्रित है जो युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाला, किसानों के आत्मविश्वास को मजबूत करने वाला, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाला तथा मध्यम और गरीब वर्ग को सशक्त करने वाला है। संवाद कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, जिला अध्यक्ष रविंद्र यति, जेएलयू के वॉइस चांसलर डॉ. विवेक खरे सहित बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। युवाओं के लिए नए अवसरों का सृजन सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। बजट 2026 में विशेष रूप से युवाओं की सहभागिता और नेतृत्व को केंद्रित किया गया है।

## प्रदेश के ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को मिलेगा पूरा मुआवजा - राजस्व मंत्री श्री वर्मा

भोपाल (ए.)। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ है। सरकार अत्यंत संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों, मकानों एवं मवेशियों की क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे कार्य निरंतर किया जा रहा है। सर्वे पूर्ण होने के बाद सभी पात्र ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को उनकी क्षति का पूरा मुआवजा प्रदान किया जाएगा। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने देवास जिले में ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का निरीक्षण कर किसानों से चर्चा के दौरान यह बात कही। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने देवास जिले के ओलावृष्टि प्रभावित ग्राम रमलखेड़ी, खजुरिया बीना एवं करनावद का निरीक्षण कर किसानों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान किसानों ने बताया कि ओलावृष्टि के कारण उनकी फसलों को नुकसान हुआ है। मंत्री श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि सर्वे कार्य में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कोई भी किसान छूटने ना पाए। प्रत्येक प्रभावित किसान को राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के दौरान हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीला अटारिया, अपर कलेक्टर संजीव जैन, बागली एसडीएम शिवम यादव सहित जनप्रतिनिधि एवं राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कृषि रथ के माध्यम से किसानों को किया जा रहा है जागरुक

भोपाल (ए.)। प्रदेश में वर्ष 2026 कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार सभी जिलों में किसानों और कृषि के संबंध संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। किसान-रथ के माध्यम से किसानों के खेत तक योजनाएँ पहुँचाई जा रही हैं। हरदा जिले के तीनों विकासखंडों में 'कृषि रथ' का संचालन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य उन्नत कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं को सीधे किसानों के खेतों तक पहुँचाना है। उप संचालक कृषि श्री जे.एल. कास्दे ने बताया कि कृषि रथ के साथ कृषि विज्ञान केंद्र, कोलीपुरा-हरदा के वैज्ञानिक, कृषि विभाग एवं संबद्ध विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा किसानों से सीधा संपर्क कर ई-विकास प्रणाली से उर्वरक क्रय करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। साथ ही नरवाई प्रबंधन, ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के स्थान पर उडद, मूंगफली, तिल आदि फसलों को प्रोत्साहन, प्राकृतिक व जैविक कृषि करने हेतु प्रोत्साहित, मृदा स्वास्थ कार्ड के आधार पर उर्वरकों की संतुलित मात्रा का उपयोग करने और भूमि पर बोई गई फसल अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग करने आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान कृषि विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं तथा समसामयिक सलाह भी किसानों को प्रदान की जा रही है। ग्राम बर्रो में पहुँचा कृषि रथ, किसानों को दी योजनाओं व आधुनिक तकनीक की जानकारी कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत विकासखंड विदिशा के ग्राम बर्रो में कृषि रथ पहुंचा। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त रूप से कृषकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्रदान की गई।

## आईआरसीटीसी ने जून 2026 के लिए 'Europe with UK' प्रीमियम टूर पैकेज किया लॉन्च




भोपाल (निप्र)। इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (IRCTC) द्वारा मध्यप्रदेश के पर्यटकों के लिए एक प्रीमियम अंतरराष्ट्रीय टूर पैकेज 'Europe with UK' लॉन्च किया गया है। यह पैकेज 09 जून 2026 से प्रारंभ होगा। 15 रात एवं 16 दिन की अवधि वाले इस पैकेज में पर्यटकों को यूरोप के प्रमुख देशों की यात्रा कराई जाएगी। इस टूर पैकेज के अंतर्गत यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड, बेल्जियम, फ्रांस, स्विट्ज़रलैंड, ऑस्ट्रिया और इटली के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का भ्रमण शामिल है। यात्रा के दौरान लंदन आई, एफिल टॉवर, लूव्र म्यूज़ियम, माउंट टिटलिस, लुसेर्न झील, राइन फॉल्स, वेटिकन सिटी तथा कोलोसियम जैसे प्रमुख आकर्षणों का अवलोकन कराया जाएगा। पैकेज में रिटर्न एयर टिकट, 3-स्टार होटलों में ठहराव, सभी भोजन, दर्शनीय स्थल भ्रमण, क्रूज़ यात्रा, यूके एवं शेंगेन वीज़ा शुल्क (सामान्य), ट्रैवल इंश्योरेंस तथा IRCTC टूर मैनेजर की सेवाएं सम्मिलित हैं। यह टूर 34 सीटों के साथ संचालित किया जाएगा। यात्रा इंदौर एवं भोपाल से दिल्ली होते हुए प्रारंभ होगी। पैकेज की शुरुआती कीमत 4.77 लाख प्रति व्यक्ति है (टीसीएस अतिरिक्त)। यात्रा की तिथि से कम से कम छह माह वैध पासपोर्ट अनिवार्य है। वीज़ा जारी होना संबंधित दूतावास की स्वीकृति पर निर्भर करेगा। बुकिंग IRCTC के अधिकृत टूरिज्म कार्यालयों में प्रारंभ हो चुकी है। अधिक जानकारी एवं बुकिंग हेतु संपर्क करें—

इंदौर: 0731-2522200, 8287931711, 8287931624, 8287931729, भोपाल: 7021092912, 8287931726, जबलपुर: 9321901832, 7021091459, नागपुर: 7021092912, 9321901862.

# महिला पटवारी दुष्कर्म मामले में डिप्टी कलेक्टर अभय सिंह खराड़ी दोषी, कोर्ट ने सुनाई दस साल की सजा

उज्जैन (ए.)। बड़वानी की तृतीय जिला एवं सत्र न्यायालय ने महिला पटवारी के साथ दुष्कर्म और प्रताड़ना के गंभीर मामले में तत्कालीन एसडीएम (सेंधवा) और वर्तमान उज्जैन डिप्टी कलेक्टर अभय सिंह खराड़ी को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने आरोपी अफसर को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1 लाख 1 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

फैसले के तुरंत बाद पुलिस ने आरोपी डिप्टी कलेक्टर को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। इस मामले में एफआईआर के बाद फरार होने पर 4 मई 2024 को बड़वानी पुलिस ने खराड़ी को भोपाल से गिरफ्तार किया गया था। उस वक्त तत्कालीन उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने उन्हें सस्पेंड किया था। तभी से वह सस्पेंड थे। अभियोजन के अनुसार, आरोपी अभय सिंह खराड़ी वर्ष 2016 से 2024 के बीच महिला का लगातार यौन शोषण करता रहा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने अपने पद का रसूख दिखाकर 4 से 5 बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। दिसंबर




2023 में आरोपी ने पीड़िता के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी थी।

**ब्लैकमेलिंग और सिंदूर भरकर तस्वीरें लीं**

न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों के अनुसार, आरोपी अफसर महिला को मानसिक रूप से भी प्रताड़ित करता था। वह महिला के आने वाले रिश्तों को तुड़वा देता था और फोन पर तेजाब डालने और अपहरण करने की धमकी देता था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसे बेहोश कर उसकी मांग में सिंदूर भर फोटो खींची थी, ताकि समाज में उसे अपनी पत्नी बताकर बदनाम और ब्लैकमेल कर सके।

**पत्नी को जान से मारने के आरोप भी लग चुके**

31 अक्तूबर 2017 में खराड़ी पर पत्नी को बेहोशी का इंजेक्शन देकर जान से मारने के आरोप भी लगे थे। खराड़ी उस वक्त झाबुआ डिप्टी कलेक्टर थे और पत्नी सुनीता खराड़ी धार जिले के दीनदयालपुरम में रहती थीं। कोतवाली पुलिस ने खराड़ी को बेहोशी की हालत में मिलने पर इलाज करवाया था। सुनीता खराड़ी ने पुलिस को बताया उनके पति ने गुंडे बुलाकर उनके साथ मारपीट की और उसको बेहोशी का इंजेक्शन लगाया। घटना के दिन रात 3 बजे उनके पति ने उनकी दूसरी पत्नी के तीन भाइयों के साथ दो और लोगों को बुलाया। दूसरी पत्नी का मुंह दबा दिया और अपने साथियों के साथ मिलकर बेहोशी का इंजेक्शन लगा दिया, जिसके बाद जान से मारने की कोशिश की। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

# मानसिक दिव्यांग युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी का निकाला जुलूस, कोर्ट ने दिया दो दिन का रिमांड



दतिया (ए.)। मानसिक रूप से दिव्यांग युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी को शहर में जुलूस के रूप में घुमाया। इस दौरान आरोपी का मुंह नकाब से ढका हुआ था। पुलिस आरोपी को गुजरात के राजकोट से गिरफ्तार कर दतिया लाई, जहां उसे न्यायालय में पेश किया गया। अदालत ने आरोपी को दो दिन की पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार, 30 दिसंबर को रिछरा फाटक क्षेत्र निवासी फरियादी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उसकी मानसिक रूप से विक्षिप्त बेटी को आरोपी मोहना रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास जंगल में बहला-फुसलाकर ले गया। वहां उसके साथ मारपीट कर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छह विशेष टीमें गठित की थीं। पुलिस ने वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। शहर और आसपास के इलाकों में लगे 500 से अधिक सरकारी व निजी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। फुटेज के विश्लेषण से आरोपी का रूट मैप तैयार किया गया।

तकनीकी साक्ष्यों और जांच के आधार पर आरोपी की पहचान कमल दांगी, निवासी बुहारा (हाल निवासी मामा का डेरा) के रूप में हुई। पुलिस ने टीम भेजकर गुजरात के राजकोट से उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को दतिया लाकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा का कहना है कि रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से पूछताछ कर घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जाएगी।

# प्रेम की सनक में हैवानियत, सात साल के बेटे की कर दी हत्या, धनपुरी में रूह कंपा देने वाली वारदात



शहडोल (ए.)। जिले के धनपुरी थाना क्षेत्र से मानवता को झकझोर देने वाला मामला सामने आया। यहां प्रेम की अंधी सनक में एक युवक ने सारी हदें पार करते हुए अपनी प्रेमिका के सात वर्षीय मासूम बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने बच्चे को रास्ते का कांटा मानते हुए पहले बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया, फिर गला घोंटकर उसकी जान ली और शव को बंद पड़ी कोयला खदान में फेंक दिया। पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा मंगलवार को करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार धनपुरी थाना क्षेत्र की पुरानी बस्ती निवासी मोहशीन का झिल्ली दफाई क्षेत्र में मजदूरी करने वाली नंदनी कोल से प्रेम संबंध था। आरोपी नंदनी के साथ रहना चाहता था, लेकिन नंदनी ने अपने दो छोटे बच्चों के कारण उसके साथ रहने से इनकार कर दिया था। यही बात आरोपी को नागवार गुजरी और उसने बच्चों को अपने प्रेम में बाधा मान लिया।

आरोपी ने पहले नंदनी के सात वर्षीय बेटे ऋतिक कोल को निशाना बनाया। वह मासूम ऋतिक को बहला-फुसलाकर अपने साथ बगैय्या नाला के पास स्थित बंद पड़ी कोयला खदान में ले गया, जहां उसने बच्चे का गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को खदान में भरे पानी में फेंक दिया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी दूसरे बच्चे को भी मारने की योजना बना रहा था।

गौरतलब है कि ऋतिक कोल, पिता बलराम कोल, बीते पांच दिनों से लापता था। परिजनों ने धनपुरी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी और बच्चे की तलाश के लिए पांच हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। बाद में खदान में पानी में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

शव की स्थिति और घटनास्थल के हालात को देखते हुए हत्या की आशंका गहराई, जिसके बाद कड़ी पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। फिलहाल धनपुरी पुलिस मामले के हर पहलू से जांच कर रही है और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मामले में पुलिस ने मंगलवार को खुलासा किया है। थाना प्रभारी खेम सिंह का कहना है कि आरोपी को मंगलवार दोपहर तक न्यायालय में पेश किया जाएगा।



## 90 लाख का सोना चांदी चुराकर कचरे में छुपाए, नाबालिग समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

खरगोन (ए.)। जिले में लगातार हो रही चोरी की वारदातों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना बड़वाह पुलिस ने सूने मकानों और एक दुकान में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए लगभग 90 लाख रुपये मूल्य का सोना-चांदी, नकदी और अन्य सामान बरामद किया है। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने दो शातिर आरोपियों और एक विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रविन्द्र वर्मा ने जिले में चोरी और लूट की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए। इसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन और एसडीओपी बड़वाह अर्चना रावत के निर्देशन में थाना बड़वाह पुलिस ने यह कार्रवाई की।

# नाबालिग हत्याकांड में बड़ा खुलासा, आरोपी के माता-पिता और ताऊ भी गिरफ्तार

इंदौर (ए.)। इंदौर के एमआईजी थाना क्षेत्र के श्रीनगर कांकड़ में 30 जनवरी को हुई नाबालिग की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मुख्य आरोपी रेहान की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अब उन तीन अन्य लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया है जिन्होंने हत्या के बाद शव को छिपाने और सबूत मिटाने में आरोपी की मदद की थी।

पुलिस रिमांड के दौरान मुख्य आरोपी रेहान से हुई कड़ी पूछताछ में यह बात सामने आई कि हत्या को अंजाम देने के बाद उसने शव को घर में ही छिपा दिया था। हत्या में उसके पिता अब्दुल साकिर उर्फ बंटी, माँ शहजादी और ताऊ अब्दुल रहमान ने उसकी मदद की और साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास भी किया। पुलिस के अनुसार ये तीनों आरोपी घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे जिन्हें अब गिरफ्तार कर लिया गया है।

30 जनवरी को श्रीनगर कांकड़ इलाके में हुई इस नाबालिग की हत्या ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी




रेहान को पहले ही पकड़ लिया था। आरोपी ने नाबालिग की छत पर गला घोंट कर ईट से वार कर हत्या कर दी थी। शव को वह अपने फ्लैट में लाया और मां, पिता व दादी के सामने ही ताऊ की मदद से उसे पलंगपेटी में रख दिया था। मां उस रात को रसोईघर में सोई थी। आरोपी ने दादी को पलंगपेटी के उपर सुला दिया था। पुलिस ने दूसरे दिन फ्लैट से शव को बरामद किया था और रेहान को गिरफ्तार किया था, लेकिन उसका ताऊ फरार था। पकड़े गए अन्य तीन आरोपियों ने सबूत मिटाने में रेहान की मदद की थी।

# कीटनाशक मिला पानी पीने से एक ही परिवार के 10 सदस्य बीमार, एक बच्चे की हालत गंभीर

मंडला (ए.)। मंडला जिले के अंजनिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बगली में सोमवार रात एक बड़ा हादसा टल गया। घर के पीने के पानी में अनजाने में कीटनाशक मिल जाने से एक ही परिवार के करीब 10 सदस्य बीमार पड़ गए। सभी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम बगली निवासी किसान छोटेलाल नंदा ने फसलों में कीट नियंत्रण के लिए घर में कीटनाशक रख रखा था। खेलते समय चार वर्षीय मासूम बच्चे के हाथ कीटनाशक लग गया और उसने अनजाने में उसे घर में रखी पीने के पानी की टंकी में मिला दिया।

**भोजन के बाद अचानक बिगड़ी हालत**

रात के समय जब परिवार के सदस्यों ने भोजन किया और उसी पानी का सेवन किया, तो कुछ ही देर में सभी को पेट में तेज़



जलन, उल्टी और दस्त की शिकायत शुरू हो गई। एक-एक कर सभी की हालत बिगड़ने लगी, जिससे घर में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति गंभीर होती देख परिजनों ने बिना देरी किए सभी



बीमार सदस्यों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की टीम ने तुरंत उपचार शुरू किया।

**डॉक्टर बोले – स्थिति नियंत्रण में**

जिला अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक सभी मरीजों की हालत फिलहाल नियंत्रण में है। हालांकि एक बच्चे की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है, जबकि अन्य सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। डॉक्टर लगातार सभी की निगरानी कर रहे हैं।

**बीमार हुए परिवार के सदस्य**

इस घटना में साधना नंदा (13 वर्ष), रणवीर नंदा (4 वर्ष), गौरा नंदा (30 वर्ष), शोभना नंदा (13 वर्ष), रातरानी नंदा (30 वर्ष), वेदिका नंदा (1 वर्ष), कृष्णा नंदा (9 वर्ष), छोटेलाल नंदा (34 वर्ष) और शोभाराम नंदा (62 वर्ष) सहित अन्य सदस्य बीमार हुए हैं।

**मंडला में मासूम की भूल से ज़हरीला हुआ पानी, एक परिवार के 10 लोग अस्पताल में भर्ती**

बीमारों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# व्यापार समाचार

## ट्रंप के फैसले से रुपया डॉलर के मुकाबले 119 पैसे मजबूत

**– रुपया पिछले सत्र में 91.49 पर बंद हुआ था**

नई दिल्ली (ए.)। डॉलर के मुकाबले लगातार दबाव में चल रही



भारतीय मुद्रा को बड़ी राहत मिली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक अहम फैसले के बाद रुपया अचानक मजबूत स्थिति में आ गया। अमेरिका ने भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी कर दिया है। इस फैसले की खबर सामने आते ही शेयर बाजार और फॉरेक्स मार्केट में सकारात्मक माहौल देखने को मिला। मंगलवार को इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.30 पर खुला, जबकि पिछले सत्र में यह 91.49 पर बंद हुआ था। यानी शुरुआती कारोबार में ही रुपये ने 119 पैसे की बड़ी छलांग लगा दी। फॉरेक्स ट्रेडर्स के मुताबिक, यह पिछले चार वर्षों में एक दिन की सबसे बड़ी मजबूती है। इससे पहले कोरोना काल के दौरान इस तरह की तेजी देखी गई थी। बाजार के जानकारों ने कहा कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौता बाजार के लिए सबसे बड़ी राहत की खबर रही।

## शेयर बाजार में 8 महीने की सबसे बड़ी तेजी, एक ही दिन में निवेशकों ने कमाए 12 लाख करोड़

मुंबई(ए.)। अमेरिका-भारत ट्रेड डील के चलते भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 2,072.67 अंक या 2.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 83,739.13 और निफ्टी 639.15 अंक या 2.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,727.55 पर बंद हुआ।

**निवेशकों ने 12.06 लाख करोड़ कमाए**

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन आज बढ़कर 467.09 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो इसके पिछले कारोबारी दिन 455.03 लाख करोड़ रुपये रहा था। इस तरह क्क्स्थ में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 12.06 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है। या



दूसरे शब्दों में कहें तो निवेशकों की संपत्ति में करीब 12.06 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।

बाजार को ऊपर खींचने का काम रियल्टी और वित्तीय शेयरों ने किया। इसके चलते मुख्य सूचकांकों में निफ्टी रियल्टी (4.79 प्रतिशत) और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज (3.27 प्रतिशत) की तेजी के साथ टॉप गेनर्स थे। इसके साथ निफ्टी हेल्थकेयर (3.16 प्रतिशत), निफ्टी इन्फ्रा (3.03 प्रतिशत), निफ्टी फार्मा (3.02 प्रतिशत), निफ्टी एनर्जी (3.02 प्रतिशत), निफ्टी ऑटो (2.81 प्रतिशत) और निफ्टी मेटल (2.87 प्रतिशत) की तेजी के साथ बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में 30 में से 28 शेयर हरे निशान में बंद हुए। अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, इंडिगो, पावर ग्रिड, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, एसबीआई, एलएंडटी, एक्सिस बैंक, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति सुजुकी, ट्रेंट, इटरनल, एनटीपीसी, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक और एमएंडएम टॉप गेनर्स थे।

## मुनाफावसूली के बाद सोना और चांदी में लौटी चमक



**– सोना 1,48,300 प्रति 10 ग्राम, चांदी 2,50,400 प्रति किलो**

नई दिल्ली (ए.)। रिकॉर्ड ऊंचाई से मुनाफावसूली के चलते बीते सत्रों में सोना और चांदी के वायदा भाव में भारी गिरावट देखने को मिली थी। हालांकि, निचले स्तरों से अब दोनों कीमती धातुओं में एक बार फिर मजबूती लौट आई है। मंगलवार को घरेलू वायदा बाजार में सोना और चांदी दोनों तेजी के साथ खुले। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सोने के वायदा भाव करीब 1,48,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास कारोबार कर रहे थे, जबकि चांदी के भाव 2,50,400 रुपये प्रति किलो के करीब बने हुए थे। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 4,009 रुपये की तेजी के साथ 1,48,000 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 1,43,991 रुपये था। कारोबार के दौरान सोने ने 1,48,310 रुपये का दिन का उच्च स्तर और 1,47,215 रुपये का निचला स्तर छुआ। गौरतलब है कि बीते महीने सोने ने 1,80,779 रुपये का रिकॉर्ड उच्च स्तर बनाया था। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट 9,450 रुपये की तेजी के साथ 2,45,711 रुपये पर खुला। इस समय यह 14,175 रुपये की मजबूती के साथ 2,50,436 रुपये पर कारोबार कर रहा था। दिन के दौरान चांदी ने 2,50,436 रुपये का उच्च और 2,45,711 रुपये का निचला स्तर देखा।

## कैंसर और दुर्लभ बीमारी की दवाओं पर सीमा शुल्क हटाने से मरीजों को राहत

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने कैंसर की 17 महंगी दवाओं और सात दुर्लभ बीमारियों के इलाज पर 5-10 फीसदी आयात शुल्क तुरंत हटाने का निर्णय लिया है। इसका मकसद मरीजों के लिए इन उपचारों को सुलभ बनाना और लागत को कम करना है। इस कदम से वैश्विक और घरेलू दवा कंपनियों को भी फायदा होगा, जिनके पोर्टफोलियो में आयातित दवाएं शामिल हैं। इस छूट से नोवार्टिस, इलाई लिली, एस्ट्राजेनेका, रोश जैसी कंपनियां लाभान्वित होंगी।



उदाहरण के लिए, नोवार्टिस का रिबोसिस्लिब और इलाई लिली का एबेमासिस्लिब ब्रेस्ट कैंसर में उपयोग होता है। एस्ट्राजेनेका का ट्रेमेलिमुमैब लिवर कैंसर और रोश की वेनेटोक्लाक्स क्रोनिक लिम्फोसाइटिक ल्यूकेमिया के इलाज में प्रयोग होती हैं। इसके अलावा, ऐबवी, ब्लूप्रिंट मेडिसिन्स, बेयर और ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब जैसी कंपनियों की आयातित इम्यूनोथेरेपी भी लाभ में रहेंगी। एल्नीलम फार्मास्युटिकल्स को प्राइमरी हाइपरोक्सालुरिया टाइप 1 के लिए लुमासिरेन पर छूट मिलेगी। इसके अलावा, हेरेडिटरी एंजियोएडेमा और प्राइमरी इम्यूनोडिफिशिएंसी डिसऑर्डर (पीआईडीडी) के इलाज में दवा आपूर्तिकर्ताओं को स्थिर मांग और बेहतर किफायत मिलेगी। मरीजों के लिए इसका सीधा फायदा यह होगा कि महंगी दवाओं की लागत में थोड़ी कमी आएगी। लंबे समय तक इस्तेमाल होने वाले ब्रेस्ट कैंसर की दवाओं जैसे रिबोसिस्लिब और एबेमासिस्लिब की कीमतें कम होने से इलाज जारी रखना आसान होगा। ट्रेमेलिमुमैब जैसी इम्यूनोथेरेपी भी अधिक सुलभ हो जाएगी।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## न्याय की व्यापक समझ को तिलांजलि

समस्या आनुपातिक समानता के नाम पर दशकों से चल रही वो राजनीति है, जिसमें न्याय की व्यापक समझ को तिलांजलि दे दी गई है। इस सोच ने समाज को पुरानी जकड़नों में और भी मजबूती से बांध डाला है। उच्च शिक्षण संस्थानों में कथित जातीय भेदभाव को दूर करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों ने नई सामाजिक हलचल पैदा कर दी है। इससे संबंधित अपने आरंभिक ड्राफ्ट में आयोग ने दो बदलाव किए। उससे ये मामला भड़का है। शुरुआती ड्राफ्ट में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के साथ जातीय आधार पर भेदभाव के मामलों में कार्रवाई की प्रक्रिया शामिल थी। उसमें यह प्रावधान भी था कि गलत शिकायत दर्ज कराने वाले छात्र (या कर्मचारी) पर क्या कार्रवाई होगी। ड्राफ्ट का समाज के एक हिस्से की तरफ से विरोध हुआ। उसके दबाव में आकर यूजीसी ने एक तो संभावित उत्पीड़न का शिकार होने वाले समूहों में ओबीसी जातियों को शामिल कर दिया और दूसरे गलत शिकायत से संबंधित प्रावधान को हटा दिया।नतीजा सामान्य श्रेणी वर्ग में गहरे असंतोष के रूप में सामने आया है। इन समूहों की दलील है कि जाति आधारित भेदभाव का शिकार वो भी होते हैं। इस समझ के मुताबिक जातिगत भेदभाव ताकत एवं प्रभाव की स्थिति में मौजूद हर अधिकारी कर सकता है, भले वह किसी जाति से आया हो। उनके मुताबिक यूजीसी इक्विटी विनियमन 2026 की भाषा ऐसी है, जिससे संदेश जाता है कि हर मामले में उत्पीड़क सामान्य श्रेणी के लोग ही होते हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यूजीसी इस तर्क से सहमत नहीं है और जल्द ही वह इस बारे में स्पष्टीकरण जारी करेगा।

अगर ये खबर सच है, तो अपेक्षित होगा कि यूजीसी फौरन ऐसा करे। वरना, ये विवाद एक नई सामाजिक अशांति का कारण बनता नजर आ रहा है। वैसे, इस तरह के मामलों में तमाम तरह के स्पष्टीकरणों की अपनी सीमा है। समस्या आनुपातिक समानता के नाम पर दशकों से चल रही वो राजनीति है, जिसमें न्याय की व्यापक समझ को तिलांजलि दे दी गई है। इस सोच ने समाज को पुरानी जकड़नों में और भी मजबूती से बांध डाला है। चूंकि इस सोच में जाति के अलावा पिछड़ेपन, शोषण, एवं भेदभाव के कहीं अधिक मूलभूत दूसरे कारणों को सिरे से नजरअंदाज किया गया है, इसलिए जकड़नों को तोड़ कर आगे बढ़ने की दृष्टि और सामाजिक प्रगति के रास्ते बाधित हो गए हैं।

## (चिंतन-मनन) प्रधानता आत्मा को

मनुष्य सामान्यत- जो बाह्य में देखता, सुनता, समझता है वह यथार्थ ज्ञान नहीं होता। किन्तु भ्रमवश उसी को यथार्थ ज्ञान मान लेता है।

अवास्तविक ज्ञान को ही ज्ञान समझकर और उसके अनुसार अपने कार्य करने केकारण मनुष्य अपने मूल उद्देश्य सुख-शान्ति की दिशा में अग्रसर न होकर विपरीत दिशा में चल पड़ता है। यथार्थ ज्ञान की अनुभावक मनुष्य की अंतरात्मा ही है। शुद्ध, बुद्ध एवं स्वयं चेतन होने से उसको अज्ञान का अंधकार कभी नहीं व्यापसकता। परमात्मा का अंश होने से वह उसी तरह सत्, चित् एवं आनंद है, जिस प्रकार परमात्मा के समीप असत्य की उपस्थिति संभव नहीं है उसी प्रकार उसके अंश आत्मा में भी असत्य का प्रवेश सम्भव नहीं।

मनुष्य की अंतरात्मा जो कुछ देखती, सुनती और समझती है, वही सत्य और यथार्थ ज्ञान है। अंतरात्मा से अनुशासित मनुष्य ही सत्य के दर्शन तथा यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि कर सकता है। यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि हो जाने पर मनुष्य के सारे शोक-संतापों का स्वत- समाधान हो जाता है। अंतरात्मा की बात सुनना और मानना ही उसका अनुशासन है। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है, किन्तु उसकी वाणी सूक्ष्मातिसूक्ष्म होती है, जिसे बाह्य एवं स्थूल श्रवणों से नहीं सुना जा सकता। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है किन्तु मौन विचार स्फुरण की भाषा में, जिसे मनुष्य अपनी कोलाहलपूर्ण मानसिक स्थिति में नहीं सुन सकता। अन्तरात्मा की वाणी सुनने के लिए जरूरी है मनुष्य का मानसिक कोलाहल बन्द हो। अन्तरात्मा का सान्निध्य मनुष्य को उसकी आवाज सुनने योग्य बना देता है। यों मनुष्य की अन्तरात्मा उसमें ओतप्रोत है, पर उसका सच्चा सान्निध्य पाने के लिए उसे जानना आवश्यक है। परिचयहीन निकटता भी एक दूरी होती है।

# शिक्षक अब पाठ्येत्तर कार्यों के लिए हैं

**अजीत द्विवेदी**

शिक्षक का मूल कार्य अध्ययन और अध्यापन है। भारत के सरकारी स्कूलों के शिक्षक अध्ययन का काम पहले ही काफी हद तक छोड़ चुके थे और अब अध्यापन का काम भी नाममात्र का रह गया है। शिक्षक अब स्कूलों में पढ़ाने के लिए नहीं हैं, बल्कि पाठ्येत्तर कार्यों के लिए हैं। उनके ऊपर इतने कामों की जिम्मेदारी लाद दी गई है कि वे बच्चों को पढ़ाने के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं। सरकारी स्कूलों की शिक्षा का स्तर लगातार कम होता जा रहा है तो इसका एकमात्र कारण यह नहीं है कि शिक्षक अच्छे नहीं हैं या शिक्षकों के प्रशिक्षण की अच्छी व्यवस्था नहीं है। वह कई कारणों में से एक कारण है। असल में सरकारी स्कूलों की कार्यों की सूची में अध्यापन का कार्य प्राथमिकता में नहीं है।



उन्हें स्कूल से बाहर और स्कूल में भी कई दूसरे काम करने हैं, जिनका पढ़ाई-लिखाई से कोई मतलब नहीं है। जैसे अभी 12 राज्यों और केंद्र शासित राज्यों के शिक्षक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के काम में लगे हैं। कुछ राज्यों के शिक्षक स्थानीय निकायों के चुनाव करा रहे हैं। इस साल और अगले साल दो चरणों में जनगणना का काम होगा और शिक्षक उसमें लगा दिए जाएंगे। पांच राज्यों के चुनाव भी हैं तो मतदान कराने से लेकर मतगणना तक उन राज्यों के सरकारी शिक्षक उसमें व्यस्त हो जाएंगे। वैसे उन राज्यों के स्कूल भी चुनाव के लिए आरक्षित होंगे। कहीं सुरक्षा बलों को ठहराया जाएगा तो कहीं मतदान केंद्र बनेंगे तो कहीं मतगणना केंद्र बनाए जाएंगे।

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण या संक्षिप्त पुनरीक्षण या मतदान और मतगणना या जनगणना जैसे कामों की सूची बेहद लंबी है, जो शिक्षकों को करना होता है। एक अनुमान के मुताबिक अध्ययन और अध्यापन के अलावा शिक्षकों को स्कूल के बाहर डेढ़ दर्जन किस्म के अन्य सरकारी काम करने होते हैं। एक शिक्षक ने तंज करते हुए सोशल मीडिया में लिखा था कि अच्छा है कि सरकार खेती नहीं कराती है अन्यथा बुवाई, कटाई का काम भी शिक्षकों को करना होता।

बहरहाल, सरकार परिवार और स्वास्थ्य का सर्वे करती है तो वह काम शिक्षक करते हैं, सरकार पशुओं की गिनती कराती है तो वह काम शिक्षक करते हैं, सरकार किसी आपदा की स्थिति में राहत सामग्री बांटती है तो वह काम भी शिक्षकों के जिम्मे होता है, किसी बीमारी या टीके के लिए जागरूकता फैलानी है तो उसका जिम्मा भी शिक्षकों के ऊपर होता है, सफाई अभियान चलाना है तो उसमें शिक्षकों को आगे किया जाता है, यहां तक कि सत्तापक्ष के किसी बड़े नेता की रैली होती है तो उसमें भी शिक्षकों को बस में भर कर रैली में जाना होता है। केंद्र और राज्य सरकारों के अलावा जिले के कलेक्टर, प्रखंड के बीडीओ और पंचायत के मुखिया भी शिक्षकों को किसी न किसी काम में लगाए रहते हैं।

स्कूल के बाहर शिक्षकों को जो डेढ़ दर्जन अलग अलग किस्म के काम करने होते हैं उसके बाद ऐसा नहीं है कि बचे हुए समय में उनको स्कूल में बच्चों को पढ़ाना है। स्कूल में उनको डेढ़ दर्जन अलग किस्म के काम करने हैं, जो अध्ययन और अध्यापन से इतर हैं। मिसाल के तौर पर मिड डे मील तैयार करना एक काम होता है। एक से ज्यादा शिक्षक तो इसी में लगे रहते हैं। राशन खरीदने से लेकर खाना तैयार कराना और बच्चों को खिलाना स्कूलों में प्राथमिकता का काम है। जब से सरकार को लगने लगा है कि मास्टर लोग राशन में गड़बड़ी करते हैं तब से गड़बड़ी नहीं होने के सबूत जुटाना यानी हर चीज का हिसाब रखना, वीडियो आदि बनाना, डैशबोर्ड पर अपलोड करना भी शिक्षकों का जिम्मा हो गया है।

एक समय सरकार को लगा कि बच्चे सिर्फ खाने आते हैं या बच्चों की असली संख्या कम होता है और ज्यादा बच्चों के लिए खाना बनाने के नाम पर पैसे की गड़बड़ी होती है तब से शिक्षकों को यह काम भी दिया गया कि वे मिड डे मील खाने वाले बच्चों का फेशियल रिकग्निशन करें और उनकी वीडियो तैयार करें ताकि पुष्टि हो सके कि जिस बच्चे का नाम रॉल में है उसने स्कूल में खाना खाया। सो, मिड डे मील का मामला अब राशन खरीदने, खाना बनवाने और खिलाने के काम से काफी आगे बढ़ गया है। इस बीच तमिलनाडु सहित 12 राज्यों ने प्रस्ताव दिया है कि अगर स्कूलों में बच्चों को सुबह का नाश्ता भी दिया जाए तो उनका बेहतर पोषण होगा, उपस्थिति बढ़ेगी और पढ़ाई में उनका मन भी लगेगा। केंद्र सरकार इस पर विचार कर रही है। केंद्र और राज्य सरकारों को इसे भी लागू कर ही देना चाहिए ताकि शिक्षकों को पढ़ाने के काम से पूरी तरह से मुक्ति मिल जाए।

ऐसा नहीं है कि इतने पर भी शिक्षकों की जिम्मेदारी समाप्त हो जाती है। उन्हें और भी कई काम करने होते हैं। मान लीजिए कि शिक्षा मंत्री शिक्षा से जुड़े किसी कार्यक्रम को संबोधित करते हैं तो स्कूलों से कहा जाता है कि उनका भाषण बच्चों को सुनाया जाए ताकि वे 'लाभान्वित' हो सकें। केंद्रीय विद्यालयों में केंद्रीय शिक्षा मंत्री का भाषण सुनाया जाता है तो राज्यों के स्कूलों में राज्य के शिक्षा मंत्री का भाषण सुनाया जाता है। प्रधानमंत्री का भाषण तो सभी स्कूलों में सुनाया जाता है। भाषण सुनाने की व्यवस्था करने में कम से कम दो कक्षाएं प्रभावित होती हैं। लेकिन इतने पर काम खत्म नहीं होता है।

भाषण सुनते बच्चों की वीडिया बना कर उनको ऊपर भेजना होता है और किसी निर्धारित पोर्टल पर अपलोड भी करना होता है। यह काम हर सरकारी फंक्शन के बाद करना होता है। राष्ट्रीय दिवस का कार्यक्रम हो या नवाचार के नाम पर शुरू की गई किसी पहल का कार्यक्रम हो। उसे आयोजित करना, उसकी वीडियो बनाना और उसे अपलोड करना शिक्षकों की जिम्मेदारी होती है। शिक्षकों को इवेंट मैनेजर बना दिया गया है। उनको कार्यक्रम आयोजित करने, उसे सफल बनाने और उसके वीडियो अपलोड करने से फुरसत नहीं मिलती है। ग्रामीण और छोटे कस्बों में तो ज्यादातर स्कूल दो या तीन शिक्षकों के साथ चलते हैं। उन स्कूलों में तो शिक्षकों को पढ़ाने की फुरसत कभी नहीं मिल पाती है।


## (चिंतन-मनन) प्रधानता आत्मा को

मनुष्य सामान्यतः जो बाह्य में देखता, सुनता, समझता है वह यथार्थ ज्ञान नहीं होता। किन्तु भ्रमवश उसी को यथार्थ ज्ञान मान लेता है।

अवास्तविक ज्ञान को ही ज्ञान समझकर और उसके अनुसार अपने कार्य करने केकारण मनुष्य अपने मूल उद्देश्य सुख-शान्ति की दिशा में अग्रसर न होकर विपरीत दिशा में चल पड़ता है। यथार्थ ज्ञान की अनुभावक मनुष्य की अंतरात्मा ही है। शुद्ध, बुद्ध एवं स्वयं चेतन होने से उसको अज्ञान का अंधकार कभी नहीं व्यापसकता। परमात्मा का अंश होने से वह उसी तरह सत्, चित् एवं आनंद है, जिस प्रकार परमात्मा के समीप असत्य की उपस्थिति संभव नहीं है उसी प्रकार उसके अंश आत्मा में भी असत्य का प्रवेश सम्भव नहीं।

मनुष्य की अंतरात्मा जो कुछ देखती, सुनती और समझती है, वही सत्य और यथार्थ ज्ञान है। अंतरात्मा से अनुशासित मनुष्य ही सत्य के दर्शन तथा यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि कर सकता है। यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि हो जाने पर मनुष्य के सारे शोक-संतापों का स्वतः समाधान हो जाता है। अंतरात्मा की बात सुनना और मानना ही उसका अनुशासन है। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है, किन्तु उसकी वाणी सूक्ष्मातिसूक्ष्म होती है, जिसे बाह्य एवं स्थूल श्रवणों से नहीं सुना जा सकता। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है किन्तु मौन विचार स्फुरण की भाषा में, जिसे मनुष्य अपनी कोलाहलपूर्ण मानसिक स्थिति में नहीं सुन सकता। अन्तरात्मा की वाणी सुनने के लिए जरूरी है मनुष्य का मानसिक कोलाहल बन्द हो। अन्तरात्मा का सान्निध्य मनुष्य को उसकी आवाज सुनने योग्य बना देता है। यों मनुष्य की अन्तरात्मा उसमें ओतप्रोत है, पर उसका सच्चा सान्निध्य पाने के लिए उसे जानना आवश्यक है। परिचयहीन निकटता भी एक दूरी होती है।


# भारत को तुर्की से सीखना चाहिए

हरिशंकर व्यास

भारत के सामने एक मॉडल तुर्किए का है, जिसने न सिर्फ अपने को अपनी हथियार जरुरतों में आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि दुनिया के अनेक देशों को ड्रोन सहित अपने हथियार बेच रहा है। उसने पिछले 40 साल में इतने सुनियोजित तरीके से यह काम किया है कि भारत को उससे सीखना चाहिए। भारत ने भी देखा कि कैसे ऑपरेशन सिंदूर के समय तुर्किए से मिले ड्रोन से पाकिस्तान लड़ रहा था। अब भी उसी के ड्रोन गाहे बगाहे पाकिस्तान सीमा पर दिखते हैं। उसने सातवें दशक में साइप्रस संकट के समय अमेरिका और यूरोप ने उसको हथियार देने पर पाबंदी लगा दी थी। उसके बाद ही उसने अपने को आत्मनिर्भर बनाने का फैसला किया और 1985 में प्रेसिडेंसी ऑफ डिफेंस इंडस्ट्रीज के नाम से एक केंद्रीय संस्था बनाई। उसके बाद पिछले चार दशक में तुर्किए ने अलग ही पहचान बना ली है। भारत भी इस मॉडल पर काम कर सकता है।

इस मॉडल की कुछ खास बातें हैं। जैसे तुर्किए ने दूसरे देशों के साथ जो भी हथियार सौदा किया उसमें प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की अनिवार्य शर्त रखी। उसने अमेरिका, जर्मनी, इटली आदि से हथियारों का सौदा किया तो उसके लोकल प्रोडक्शन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की शर्त रखी। उसने स्थानीय इंजीनियरों द्वारा उत्पादन की भी शर्त रखी। सोर्स कोड और डिजाइन पर अधिकार किया और लडाकू विमान से लेकर हेलीकॉप्टर और गाइडेड मिसाइल जैसी कई चीजों के उत्पादन का लाइसेंस हासिल किया। इसके बाद उसने ड्रोन क्रांति की, जिसमें निजी कंपनियों को शामिल किया। रक्षा उत्पादन में भी तुर्किए ने पब्लिक और प्राइवेट पार्टनरशिप में काम किया। लेकिन ड्रोन का पूरा क्षेत्र निजी कंपनियों को दिया और यह सुनिश्चित किया कि वे उत्पादन करें, बिकवाने की गारंटी उसकी होगी। यानी तुर्किए उनके लिए बाजार और ग्राहक जुटाएगा। आज स्थिति यह है कि अपनी रक्षा जरुरतों के मामले में तुर्किए 80 फीसदी आत्मनिर्भर है। इतना ही नहीं तुर्किए आज 180 देशों को अपने हथियार बेचता है। पूरा अफ्रीका उसका बाजार है। वह मध्य एशिया, खाड़ी देशों के साथ साथ यूरोप को भी हथियार बेचता है। उसने देश के कई हिस्सों में डिफेंस प्रोडक्शन के कलस्टर बनाए हैं, जहां उत्पादन होता है।

भारत अगर आज इस मॉडल पर चलना शुरू होता है तो अब तकनीक और उत्पादन की रफ्तार दोनों इतनी तेज हो गई है कि उसे तुर्किए की तरह 40 साल नहीं इंतजार करना होगा। वह सिर्फ 10 साल में अपनी जरुरतों के लिए आत्मनिर्भर हो जाएगा और दुनिया के रक्षा से जुड़े उत्पाद बेचने लगेगा। भारत के पास पहले से डीआरडीओ और अन्य पीएसयू हैं, जो रक्षा उपकरण बना रहे हैं। भारत जो व्यापारिक संधियां कर रहा है उसमें प्रौद्योगिक हस्तांतरण, लाइसेंस्ड प्रोडक्शन, लोकल इंजीनियर और लोकल प्रोडक्शन, सोर्स कोड व डिजाइन पर कंट्रोल आदि की शर्तें रखवाता है और निजी व सरकारी कंपनियों को इस काम में शामिल करता है तो बहुत जल्दी भारत में भी एक बड़ा मिलिट्री डिफेंस कॉम्प्लेक्स विकसित हो सकता है। इसके अलावा भारत के पास इसरो के रूप में एक ऐसी संस्था है, जिसने पहले से पूरी दुनिया में अपना बाजार बनाया है। उसको राजनीति में घसीटने की बजाय उसे और मजबूत बनाया जाए तो वहां से दुनिया भर के सेटेलाइट लॉन्च होंगे, जिनसे भारत को आय होगी। भारत की बड़ी समस्या यह है कि यहां के अरबपति, खरबपति सब यही के 140 करोड़ लोगों की जेब से पैसे निकालने और सरकारी व प्राकृतिक संपदा का दोहन करके अपना खजाना भरने में लगे हैं। वे शोध व विकास यानी आरएंडडी पर धेला खर्च नहीं करते हैं। वे कोई जोखिम नहीं लेते हैं। उनकी सारी कमाई दुनिया की बड़ी कंपनियों का माल बेच कर है या सरकारी ठेके हासिल करने से है। सरकार खुद भी आरएंडडी पर बहुत कम खर्च करती है।

सरकार रिसर्च पर अपना खर्च बढ़ाए, शिक्षण संस्थाओं को बेहतर करे और निजी सेक्टर को निवेश करने के लिए प्रेरित करे तब भी भारत की निर्भरता दूसरे देशों पर कम होगी और उसके बाद भारत अपना सामान बाहर बेचने लायक बनेगा।




मेष राशि : आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी।

वृष राशि : आपके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप कामकाज निपटाने में बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत होगी, इससे आपको अच्छा समाधान मिलेगा।

मिथुन : आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज भाई या बहन से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाए आज ऑलाईन नयी डिश सीखने की कोशिश करेंगी। पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है। आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा। आज आपको नए इनकम सोर्स मिल सकते हैं।

सिंह राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले कुछ समय के लिए रुक सकते है, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आपको किसी दोस्त का सहयोग मिलेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को और खुशनुमा बनायेगा। आज आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। आप नया कारोबार शुरू करने की सोच रहे हैं तो किसी अनुभवी की सलाह जरूर लें, आपको अच्छी राय मिलेगी।

कन्या राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरूर ले। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी समस्या खत्म होने के योग हैं। आप नए सिरे से कोशिश करेंगे तो आप सफल हो सकते हैं।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना बेहतर साबित होगा। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे।

धनु राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वे काम समय पर पूरा हो जायेंगे। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। नयें व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिये शिक्षकों की सहायता लेंगे, जो आगे चलकर बेहद काम आयेंगी।

मकर राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार करेंगे। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। किसी बात को लेकर ज्यादा जिद्द करने से बचना चाहिए।

कुंभ राशि : आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। सभी आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिये नया खेल तलाश करेंगे।

मीन राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बडों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा।

# विकसित भारत बनाने में भारतीय रेल परियोजनाओं को मिली नई रफ्तार

**विनोद कुमार सिंह**

मोदी सरकार के आम बजट मे मिशन और केन्द्रीय रेल अश्विनी वैष्णव का ऐतिहासिक विजन में भारतीय रेल देश की आर्थिक रीढ़ व विकसित भारत बनाने में मिल का पत्थर साबित होगा

वैश्विक मानचित्र पर आए दिनों चर्चा व चिन्तन भारत का होना आम बात है, लेकिन इन दिनों आम बजट मे रेल मंत्रालय को आवांटित राशि को ले चहूँ दिशाओं में विकाश की तेज रफ्तार व सीटी सुनाई पड़ने लगी है। केन्द्रीय बजट 2026-27 लोकसभा में प्रस्तुत हो चुका है और यह बजट केवल सरकार के आय-व्यय का लेखा नहीं,बल्कि भारत के भविष्य का वह निर्णायक दस्तावेज है जो देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को नई शक्ति देता है। इस बजट का सबसे बड़ा और सबसे प्रभावशाली पक्ष यह है कि भारतीय रेल को केन्द्र में रखकर मोदी सरकार ने राष्ट्र निर्माण की गति को और तेज करने का स्पष्ट संदेश दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत मिशन और केन्द्रीय रेलमंत्रीअश्विनी वैष्णव का आधुनिक रेलवे विजन अब कागजों की योजना नहीं,बल्कि बजट की ठोस घोषणाओं और रिकॉर्ड निवेश के माध्यम से यथार्थ की धरातल पर उतरता दिखाई दे रहा है। भारतीय रेल आज अपने यात्रियों को गंतव्य तक पहुँचाने वाली व्यवस्था नहीं रह गई, बल्कि यह भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़,उद्योगों की जीवनरेखा,कृषि बाजारों की शक्ति और रोजगार सृजन का सबसे बड़ा इंजन बन चुकी है। आप को मै स्पष्ट कर दुँ किवर्ष 26- बजट में भारतीय रेल को लगभग 2.78 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत आवंटन प्राप्त हुआ है,जो भारतीय रेल के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। जिससे इंफ्रास्ट्रक्चर को राष्ट्र की प्रगति का मूल आधार माना गया है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस निवेश को देश की आर्थिक पटरी पर तेज रफ्तार विकास का विजय घोष कहा



है। सर्वविदित रहे कि पिछले दशक में रेलवे में जिस स्तर पर परिवर्तन आया है,वह स्वतंत्र भारत में अभूतपूर्व है। रेलवे नेटवर्क का विस्तार,नई तकनीक का समावेश,स्टेशन पुनर्विकास,हाई- स्पीड रेल परियोजनाएँ और हरित ऊर्जा की दिशा में कदम- यह सब भारत को एक नई रेल क्रांति की ओर ले जा रहा है। रेल बजट 2026-27 का सबसे बड़ा आकर्षण सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा है। ये कॉरिडोर भारत के औद्योगिक केन्द्रों,व्यापारिक शहरों, कृषि उत्पादन क्षेत्रों और निर्यात हब को तेज गति से जोड़ेंगे। हाई-स्पीड रेल नेटवर्क केवल यात्रियों के समय की बचत नहीं करेगा,बल्कि यह निवेश आकर्षण,उद्योग विस्तार, पर्यटन विकास और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के तीव्र उत्थान का माध्यम बनेगा। जब शहरों के बीच दूरी घटती है,तब व्यापार की गति बढ़ती है,नए रोजगार के अवसर पैदा होते है। इससे आर्थिक गतिविधियाँ कई गुना तेज हो जाती हैं। दिल्ली-वाराणसी, वाराणसी- सिलीगुड़ी जैसे कॉरिडोर उत्तर भारत और पूर्वी भारत की आर्थिक तस्वीर बदलने की क्षमता रखते हैं। यह विकसित भारत की ओर बढ़ते कदमों का सबसे बड़ा संकेत है। इसी बजट में हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना को आगे बढ़ाने का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत किया गया है। भारत अब केवल परंपरागत डीजल इंजनों पर निर्भर नहीं रहना चाहता। हाइड्रोजन ट्रेनें पर्यावरण अनुकूल,ऊर्जा दक्ष और भविष्य की परिवहन प्रणाली का प्रतीक हैं। इससे प्रदूषण घटेगा, ईंधन आयात पर निर्भरता कम होगी और भारत हरित परिवहन क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाएगा। यह वही सोच है जो विकसित राष्ट्रों की पहचान बन चुकी है। अब भारत भी उसी दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। बुलेट ट्रेन परियोजना को भी बजट 2026-27 में नई ऊर्जा मिली है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन भारत के तकनीकी आत्मविश्वास और आधुनिक राष्ट्र निर्माण की पहचान बन चुकी है। बुलेट ट्रेन केवल एक रेल सेवा नहीं,बल्कि भारत की इंजीनियरिंग क्षमता, निवेश सामर्थ्य और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने का प्रतीक है। आने वाले वर्षों में इसका विस्तार भारत को हाई-स्पीड ट्रांसपोर्ट के वैश्विक मानचित्र पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा।

रेलवे विद्युतीकरण भी इस बजट का एक मजबूत स्तंभ है। सरकार का लक्ष्य है कि भारतीय रेल नेटवर्क पूर्णतः विद्युतीकृत होकर ऊर्जा दक्ष, तेज,सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल बने। विद्युतीकरण से परिचालन लागत घटेगी,माल ढुलाई क्षमता बढ़ेगी और भारत का लॉजिस्टिक्स सेक्टर वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत होगा। रेलवे की गति केवल ट्रेनों की रफ्तार नहीं बढ़ाएगी,बल्कि यह भारत की आर्थिक गति को भी तेज करेगी। रेल बजट 2026-27 का सबसे प्रत्यक्ष और जनसरोकार से जुड़ा पक्ष अमृत भारत स्टेशन योजना है। देशभर में सैकड़ों रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। स्टेशन अब केवल प्लेटफॉर्म नहीं रहेंगे, बल्कि आधुनिक यात्री सुविधा केन्द्र,व्यापारिक गतिविधियों के हब और स्थानीय रोजगार के केन्द्र बनेंगे। छोटे शहरों और कस्बों में स्टेशन विकास से होटल,टैक्सी, दुकानें,स्थानीय हस्तशिल्प, खानपान उद्योग और पर्यटन व्यवसाय को नया जीवन मिलेगा।

# ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग के साथ बैठक के दौरान अनुचित व्यवहार किया, मेज पर जोर से हाथ मारा और बीच में ही चली गईं!

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल में सत्तारुढ़ टीएमसी की ओर से चुनाव आयोग के अधिकारियों के खिलाफ बयानबाजी या उनके काम में दखल देने के आरोप तो लगते ही रहते हैं लेकिन हालात तब और विकट हो गये जब पार्टी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दिल्ली आकर मुख्य चुनाव आयुक्त पर जोरदार निशाना साधा। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर संवाददाताओं से बात करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त पर कड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वह बहुत दुखी हैं और अपने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने इतना अहंकारी और झूठ बोलने वाला आयुक्त नहीं देखा। उन्होंने यह भी कहा कि उनके राज्य को चुन कर निशाना बनाया जा रहा है और 58 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए तथा उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया गया। वहीं भारतीय चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उन आरोपों को खारिज कर दिया है जो उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर लगाए थे। आयोग के सूत्रों के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर हुई बैठक के दौरान तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने गलत आरोप लगाए, अनुचित व्यवहार किया, मेज पर जोर से हाथ मारा और बीच में ही बैठक छोड़ दी। हम आपको बता दें कि विरोध स्वरूप



काली शॉल ओढ़ कर ममता बनर्जी अपनी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोग पहुंची थीं और कई सवाल उठाए। इस पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि पूरी प्रक्रिया में कानून का राज चलेगा। आयोग के पास जो अधिकार हैं उनके अनुसार जो भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में लेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही होगी। सूत्रों का कहना है कि मुख्य चुनाव आयुक्त और दो अन्य आयुक्तों ने शांत और शिष्ट रुख रखा, फिर भी ममता बनर्जी का व्यवहार ठीक नहीं रहा। आयोग के सूत्रों ने यह भी आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में चुनाव अधिकारियों को निशाना बनाया जा रहा है। दावा किया गया कि तृणमूल कांग्रेस के कुछ विधायक खुले आम अपशब्द और धमकी भरी भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, खासकर मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ। कुछ स्थानों पर निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी यानी एसडीओ और बीडीओ दफ्तरों में तोड़फोड़ की घटनाएं भी बताई गई हैं। चुनाव आयोग ने साफ कहा कि मतदाता सूची के इस विशेष काम में लगे अधिकारियों को बिना दबाव काम करने दिया जाना चाहिए। किसी भी तरह का दबाव, रुकावट या दखल स्वीकार नहीं होगा। आयोग ने प्रशासनिक चिंता भी जताई। बूथ लेवल अधिकारियों को दिए जाने वाले मानदेय का पूरा भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। प्रति अधिकारी 18 हजार रुपए की जगह केवल 7 हजार रुपए दिए गए हैं। आयोग ने इसे तुरंत जारी करने को कहा। इसके अलावा यह भी कहा गया कि राज्य में तैनात कई अधिकारी जरूरी पद स्तर के नहीं हैं। बीस जनवरी को तय मानक के अनुसार रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त करने के लिए प्रस्ताव मांगे गए थे, लेकिन अभी केवल 67 विधानसभा क्षेत्रों में ही एसडीओ या एसडीएम स्तर के अधिकारी इस पद पर हैं। आयोग ने राज्य सरकार पर प्रक्रिया में चूक का आरोप भी लगाया। आरोप लगाया गया कि तीन चुनाव पर्यवेक्षकों का तबादला बिना आयोग से सलाह लिए कर दिया गया। 27 जनवरी को तबादला आदेश रद्द करने को कहा गया था, पर अब तक कोई सूचना नहीं है। सूत्रों ने यह भी बताया कि चार चुनाव अधिकारियों, दो ईआरओ, दो एईआरओ और एक डाटा एंट्री आपरेटर के खिलाफ कर्तव्य में चूक और डाटा सुरक्षा नियम तोड़ने के मामले में अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है, जबकि उन पर जानकारियों को अनधिकृत लोगों से साझा करने का आरोप है।

### दर्दनाक हादसा : उत्तराखंड में खाई में गिरी हिमाचल रोडवेज की बस, 3 की मौत-कई घायल; रेस्क्यू जारी

देहरादून(आरएनएस)। मंगलवार सुबह हिमाचल प्रदेश के चौपाल-नेरवा से पांवटा जा रही एचआरटीसी की एक बस क्वानू के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक लोग गंभीर रुप से घायल हो गए।यह बस सुबह साढ़े छह बजे चौपाल डिपो से पहले नेहवा पहुंची और उसके बाद मीनस-क्वानू- हरिपुर रूट से पांवटा जा रही थी। बस में तीस से अधिक लोग सवार बताए जा रहे हैं। घटना सुबह करीब दस बजे की बताई जा रही है। मीनस-क्वानू-हरिपुर मार्ग पर सुदोई खड्डु के पास ट्रक को साइड देने के चक्कर में सड़क का पुश्ता धंसने से सवारियों से भरी एचआरटीसी की बस खाई में कई पलटे खाने के बाद सीधे खड्डु में जा गिरी।



नीति आयोग के वाइस चेयरमैन सुमन बेरी ने नई दिल्ली में डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर (डीएआईसी) में एआईएम संवाद-वार्षिक अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) इनक्यूबेटर कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र की शोभा बढ़ाई।

### कैबिनेट मंत्री पंकजा मुंडे के हेलिकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी, आनन-फानन में लिया गया ये फैसला

संभाजीनगर (आरएनएस)। महाराष्ट्र में हाल ही में हुए अजित पवार के विमान हादसे के बाद नेताओं में हवाई यात्रा को लेकर सतर्कता और डर का माहौल बना हुआ है। इसी बीच संभाजीनगर से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां बीजेपी नेता और कैबिनेट मंत्री पंकजा मुंडे के हेलिकॉप्टर में उड़ान भरने से ठीक पहले तकनीकी खराबी का पता चला। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पंकजा ने तुरंत अपनी यात्रा रोक दी। पायलट की समय रहते दी गई चेतावनी के कारण एक संभावित खतरा टल गया, जिसके बाद पंकजा मुंडे ने कुछ देर के लिए अपनी यात्रा स्थगित कर दी। जानकारी के मुताबिक, पंकजा मुंडे को जिला परिषद चुनाव प्रचार के सिलसिले में संभाजीनगर से लातूर जाना था। वह हेलिकॉप्टर से रवाना होने ही वाली थीं कि पायलट ने मशीन में तकनीकी गड़बड़ी की सूचना दी। हालिया हादसों को देखते हुए उन्होंने उसी हेलिकॉप्टर से जाने का जोखिम नहीं उठाया। बाद में प्रशासन और उनकी टीम ने तय किया कि वह अब दूसरे हेलिकॉप्टर के जरिए लातूर की मीटिंग में शामिल होंगी ताकि चुनाव प्रचार प्रभावित न हो।

### मनाली से लेह तक का सफर 98 घंटे में दौड़कर किया पूरा, अजमेर की सुफिया को मिला गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

अजमेर (आरएनएस)। भारतीय अल्ट्रा-डिस्टेंस रनर सुफिया सूफी के लिए लंबा इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। राजस्थान के अजमेर की रहने वाली 38 वर्षीय सुफिया को मनाली-लेह के बेहद कठिन और ऊंचे रास्तों को दौड़कर पार करने के लिए औपचारिक रूप से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट मिल गया है। उन्होंने 480 किलोमीटर की यह जानलेवा दूरी महज 98 घंटे और 27 मिनट में पूरी की थी। यह एक ऐसा कारनामा है जिसे अब तक कोई और महिला एथलीट अंजाम नहीं दे पाई है। सुफिया ने 100 घंटे के सांकेतिक बेंचमार्क को तोड़ते हुए सबसे तेज महिला रनर बनने का गौरव हासिल किया है। सुफिया का यह रिकॉर्ड इंसानी सहनशक्ति की मिसाल है। मनाली से लेह तक के इस रूट पर दौड़ना लोहे के चने चबाने जैसा है। इस सफर में रोहतांग और तंगलांग ला जैसे पांच ऊंचे हिमालयी दर्रे शामिल हैं। दौड़ के दौरान उन्हें 8,500 मीटर से अधिक की चढ़ाई (Elevation gain), कड़ाके की ठंड और माइनस डिग्री तापमान का सामना करना पड़ा। इतनी ऊंचाई पर ऑक्सीजन का स्तर समुद्र तल के मुकाबले काफी कम होता है, जिससे सांस लेना दूभर हो जाता है। इन तमाम चुनौतियों के बावजूद सुफिया ने न केवल दौड़ पूरी की, बल्कि इतिहास भी रच दिया।

## 'आत्मविश्वास हो तो सबकुछ संभव..',अमेरिका के साथ ट्रेड डील के बाद बोले पीएम मोदी



नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि आत्मविश्वास वह शक्ति है, जो हर लक्ष्य को संभव बनाती है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगी। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह विचार साझा किए। प्रधानमंत्री का यह संदेश ऐसे समय में आया है, जब कुछ ही घंटे पहले भारत और अमेरिका के बीच एक अहम व्यापार समझौते पर सहमति बनी है। इस समझौते के तहत अमेरिका भारतीय उत्पादों पर लगाए जाने वाले पारस्परिक टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर राजी हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर हिंदी में लिखा कि आत्मविश्वास वह शक्ति है, जिसकी बदौलत सब कुछ संभव हो पाता है। उन्होंने कहा कि नागरिकों में यही आत्मविश्वास विकसित भारत के सपने को साकार करने में बेहद उपयोगी साबित होगा। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश के साथ एक संस्कृत श्लोक भी साझा किया, जिसमें धन के सदुपयोग और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान की बात कही गई है। श्लोक का आशय है कि धन नेक कार्यों से अर्जित होता है, साहस और आत्मविश्वास से बढ़ता है, कौशल और दक्षता से स्थिर रहता है और अनुशासन के साथ सुरक्षित रहकर राष्ट्र की प्रगति में योगदान देता है इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील की जानकारी दी थी। ट्रम्प ने अपने पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी को अपना करीबी मित्र बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच यह समझौता आपसी दोस्ती और सम्मान के आधार पर किया गया है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आग्रह पर भारत पर लगाए गए पारस्परिक शुल्क को घटाने का फैसला लिया गया है। ट्रम्प की पोस्ट के बाद देर रात तक भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई थी, हालांकि बाद में प्रधानमंत्री मोदी के पोस्ट से दोनों नेताओं के बीच बातचीत की पुष्टि हुई।

### छत्तीसगढ़ में महंगी होगी शराब! ड्यूटी दरें बढ़ी, देने होंगे ज्यादा पैसे

रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ सरकार ने नई आबकारी नीति में ड्यूटी दरें बढ़ा दी हैं, जिससे राजस्व ज्यादा होने का अनुमान है। अब देशी और विदेशी दोनों तरह की शराब पर टैक्स ड्यूटी बढ़ा दी है। महंगी शराब पीनों वालों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है, अब छत्तीसगढ़ सरकार ने आबकारी नियमों में बड़ा बदलाव किया है. राज्य सरकार ने ड्यूटी दरें बढ़ा दी हैं। नई ड्यूटी दरें छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई हैं। अब जितनी महंगी शराब होगी, उतना ज्यादा ही टैक्स देना होगा। छत्तीसगढ़ में अब एक अप्रैल 2026 से शराब पर नई ड्यूटी दरें लागू होंगी। देशी और विदेशी दोनों शराब पर ड्यूटी टैक्स बढ़ा गया है। विदेशी शराब की कीमत के हिसाब से अलग-अलग ड्यूटी तय की गई है। महंगी शराब पर अब ज्यादा टैक्स देना होगा। बीयर और रेडी-टू-ड्रिंक पेय पर भी नई दरें लागू होंगी। इसके अलावा आबकारी नीति में सेना और अर्धसैनिक बलों के लिए न्यूनतम ड्यूटी दर की तय की गई है। अब शराब सप्लाई से पहले टैक्स का भुगतान करना अनिवार्य होगा, इसके अलावा शराब कंपनियों के रेट ऑफर आने के बाद शराब की कीमतें और बढ़ सकती हैं। इससे पहले छत्तीसगढ़ कैबिनेट ने आबकारी नीति में बड़ा बदलाव करते हुए शराब कांच के बोतलों की बजाए फाइबर की बोतलों में देने का फैसला किया था।

## आदित्य ठाकरे का मोदी सरकार पर तीखा हमला, बोले- लोकतंत्र में मजबूत, राष्ट्रहित में कमजोर



मुम्बई (ए.)। शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने मंगलवार को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार लोकतंत्र के मामले में मजबूत होने का दावा करती है, लेकिन भारत की संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में कमजोर है। उन्होंने केंद्र सरकार से व्यापार समझौते की स्पष्ट व्याख्या करने और एक खुली प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया के सवालों के जवाब देने की मांग की। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ घटकर 18 प्रतिशत हो गया है, जबकि वाशिंगटन का दावा है कि इस समझौते से उसे नई दिल्ली को अधिक कृषि उत्पाद निर्यात करने में मदद मिलेगी। एक पोस्ट में उन्होंने लिखा कि भाजपा की भारत सरकार- लोकतंत्र, लोकतांत्रिक विपक्ष, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, प्रेस की स्वतंत्रता, पर्यावरण सक्रियता और सामान्य ज्ञान के पक्ष और विपक्ष में मजबूत। भारत की संप्रभुता की रक्षा करने, व्यापार समझौतों पर बातचीत करने, भू-राजनीति और राष्ट्रीय हितों को कूटनीतिक रूप से संभालने में कमजोर। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर संसद को संबोधित करेंगे, जिसके तहत भारत से निर्यात होने वाले सामानों पर टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। यह विपक्षी सांसदों द्वारा कृषि क्षेत्र और रूस से तेल खरीद को लेकर चिंता जताते हुए समझौते का विवरण मांगने के बाद हो रहा है। इससे पहले, राज्यसभा में विपक्ष के नारेबाजी के बीच, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार स्वत: संज्ञान लेते हुए एक बयान जारी करेगी, जिसमें समझौते का विवरण साझा किया जाएगा और सदन में इस पर चर्चा करने के लिए भी तैयार है। नड्डा ने राज्यसभा में कहा कि कल देर रात अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ पर ट्वीट किया और प्रधानमंत्री मोदी को सच्चा मित्र बताया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति को धन्यवाद देते हुए और व्यापार पर ट्वीट किया। सरकार इस व्यापार समझौते पर स्वत: संज्ञान लेते हुए बयान जारी करेगी और इस पर चर्चा भी करेगी।

### अनंत सिंह विधानसभा पहुंचकर विधायक पद की शपथ ली, नीतीश के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

पटना (आरएनएस)। मोकामा से निर्वाचित विधायक अनंत सिंह ने मंगलवार को बिहार विधानसभा में विधायक पद की शपथ ग्रहण कर ली। शपथ लेने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। बाहुबली विधायक के रूप में चर्चित अनंत सिंह को पटना सिविल कोर्ट ने विधानसभा में शपथ लेने की अनुमति दी थी। इसके बाद मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उन्हें विधानसभा लाया गया। विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही शुरू होने के बाद उन्होंने विधायक पद की शपथ ली। विधानसभा परिसर और आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। दुलारचंद यादव हत्याकांड में उन्हें अब तक जमानत नहीं मिली है। कोर्ट ने शपथ समारोह के अलावा किसी भी अन्य गतिविधि में शामिल होने की अनुमति नहीं दी है। शपथ के बाद उन्हें वापस बेऊर जेल भेजा जाएगा। अनंत सिंह को जेल से विधानसभा तक लाने और वापस ले जाने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। एस्कॉर्ट वाहन और क्विक रिस्पॉन्स टीम को तैनात किया गया था। विधानसभा परिसर के अंदर और बाहर अतिरिक्त पुलिस बल मौजूद रहा। उनके समर्थकों के किसी भी तरह के जमावड़े पर पूरी तरह रोक लगाई गई थी।पिछले साल हुए बिहार विधानसभा चुनाव में अनंत सिंह मोकामा विधानसभा सीट से विधायक चुने गए हैं। जीत के बाद अनंत सिंह शपथ न ले पाने के कारण सदन से बाहर थे। मंगलवार को शपथ लेने के साथ ही उनकी विधायकी औपचारिक रूप से शुरू हो गई।मीडिया से बातचीत में अनंत सिंह ने कहा कि उनकी तबीयत ठीक नहीं होने के कारण शपथ लेने में देरी हुई। उन्होंने बताया कि अदालत की अनुमति मिलने के बाद ही वे विधानसभा पहुंचे हैं।

## कम दृश्यता के कारण इंडिगो की उड़ानों पर असर, यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी



नई दिल्ली (आरएनएस)। देश के कई हिस्सों में खराब मौसम के कारण विमान सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। इसी कड़ी में देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो ने मंगलवार को यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इंडिगो ने बताया कि देहरादून, हैदराबाद और अगरतला में कम दृश्यता की स्थिति बनी हुई है, जिसका सीधा असर उड़ानों के संचालन पर पड़ा है। इन शहरों से आने-जाने वाली फ्लाइट्स के प्रस्थान (डिपार्चर) और आगमन (अराइवल) में देरी हो सकती है। एयरलाइन ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी उड़ान की स्थिति को लेकर सतर्क रहें और इंडिगो की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल ऐप के माध्यम से नियमित रूप से अपडेट लेते रहें। इंडिगो ने भरोसा दिलाया है कि उनकी ग्राउंड और कस्टमर सपोर्ट टीमें यात्रियों की हर संभव सहायता के लिए तत्पर हैं और पूरे सफर के दौरान सहयोग प्रदान करेंगी। इंडिगो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए एक पोस्ट में लिखा, देहरादून, हैदराबाद और अगरतला में कम विजिबिलिटी के कारण फ्लाइट शेड्यूल प्रभावित हुआ है। इन शहरों से आने-जाने वाली फ्लाइट्स में देरी हो सकती है, क्योंकि हम खराब मौसम की स्थिति से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि हमारी वेबसाइट या ऐप के ज़रिए अपनी फ्लाइट का स्टेटस चेक करते रहें। निश्चिंत रहें, हमारी टीमें हर कदम पर आपकी मदद करने और सहायता देने के लिए मौजूद हैं। इंडिगो ने पोस्ट में आगे लिखा, हम स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और उम्मीद है कि आसमान जल्द ही साफ हो जाएगा, जिससे आगे की यात्रा सुचारू रूप से हो सकेगी। आपके धैर्य और हम पर भरोसा रखने के लिए धन्यवाद। इससे पहले, श्रीनगर में हो रही भारी बर्फबारी के चलते भी हवाई सेवाएं प्रभावित हुई थीं। इसी कड़ी में पिछले मंगलवार को एयर इंडिया और इंडिगो दोनों एयरलाइंस ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए यात्रियों को सावधानी बरतने की सलाह दी थी। लगातार बर्फबारी के चलते श्रीनगर आने-जाने वाली कई उड़ानों के संचालन में दिक्कतें आ रही थीं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

### सुप्रीम कोर्ट ने वाटसऐप की डेटा शेयरिंग नीति पर जताई सख्त आपत्ति, कहा-निजता के अधिकार से खिलवाड़ बर्दाशत नहीं



नई दिल्ली, (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को WhatsApp और Meta की डेटा-शेयरिंग प्रैक्टिस पर गंभीर चिंता जताई। यह सुनवाई कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया (CCI) के उस आदेश से जुड़ी अपीलों के एक बैच पर हो रही थी, जिसमें WhatsApp की 2021 की "या तो मानो या छोड़ दो" प्राइवेसी पॉलिसी के लिए Meta पर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था। भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने WhatsApp और Meta द्वारा दायर अपीलों के साथ-साथ NCLAT के एक फैसले को चुनौती देने वाली CCI की एक अलग अपील पर सुनवाई करते हुए कहा-हम जानकारी का एक भी टुकड़ा शेयर करने की इजाज़त नहीं देंगे। आप इस देश में निजता के अधिकार के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते। इस प्रैक्टिस को संवैधानिक व्यवस्था का मज़ाक बताते हुए, कोर्ट ने सवाल किया कि जब यूज़र्स को प्रभावी रूप से या तो मानो या छोड़ दो के आधार पर पॉलिसी स्वीकार करने के लिए मजबूर किया जाता है, तो सहमति को वैध कैसे माना जा सकता है।

### छत्तीसगढ़ का बजट गांव, गरीब और किसानों के हित में होगा



रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट सत्र की शुरुआत 23 फरवरी से होने जा रही है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इसे लेकर कहा है कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए ज्ञान और गति के बाद अब विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में बजट पेश किया जाएगा। बजट में गांव, गरीब और किसानों पर फोकस होगा। कांग्रेस द्वारा यह सवाल उठाए जाने पर कि केंद्रीय बजट से छत्तीसगढ़ को क्या मिला वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अब सवाल करने की नैतिकता नहीं बची है। ओपी चौधरी ने कहा कि विकसित भारत के लिए शानदार केंद्रीय बजट पेश किया गया है और उसमें छत्तीसगढ़ को बहुत कुछ मिला है। वित्त मंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस के कई नेता पर्दे के पीछे सरकार के कामों की तारीफकरते हैं और यह भी कहते हैं कि उनकी पार्टी के लोग उल्टा-सीधा काम करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस 2014 से पहले और बाद के बजट के आंकड़ों को देखे, तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।



अनंतनाग जिले के पहलगाम में सर्दियों के दौरान ताज़ी बर्फबारी के बाद, मोटी बर्फ से ढकी हुई पार्क की गई गाड़ियां।

## केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 1,237 लाभार्थियों को सहायक उपकरण किए वितरित

नई दिल्ली (ए.)। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र के अशोकनगर जिले के मरूप गाँव में आयोजित भव्य 'दिव्यांगजन एवं वृद्धजन सहायक उपकरण वितरण शिविर' में संवेदना और सम्मान के संकल्प को साकार किया। इस अवसर पर उन्होंने 1237 दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को आधुनिक सहायक उपकरण वितरित करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल उपकरण वितरण नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समावेशन की दिशा में एक सशक्त कदम है। सभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि ग्वालियर-चंबल अंचल में सेवा सिंधिया परिवार



के लिए शासन का विषय नहीं, बल्कि पीढ़ियों से निभाया जा रहा एक पवित्र कर्तव्य रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अशोकनगर मे 1456, गुना में 1745 और शिवपुरी में 5250 सहित कुल पूरे संसदीय क्षेत्र में 8,240 दिव्यांगजनों तक सेवा पहुँचाने का लक्ष्य किसी आँकड़े तक सीमित नहीं है, बल्कि यह 8,240 परिवारों की आशा, गरिमा और भविष्य से जुड़ा संकल्प है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विकलांग' के स्थान पर 'दिव्यांग' शब्द देकर देश की सोच, संवेदना और दृष्टिकोण को नई दिशा दी है। उन्होंने ऋषि अष्टावक्र, वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र झाझरिया जैसे उदाहरणों के माध्यम से कहा कि सामर्थ्य शरीर की सीमाओं से नहीं, बल्कि संकल्प और आत्मविश्वास से जन्म लेता है। यह उदाहरण दिखाते हैं कि दिव्यांगजन हमारे राष्ट्र निर्माण की सामूहिक जिम्मेदारी के सहभागी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने दिव्यांगजनों की विशेषता को पहचानते हुए देश के इतिहास में पहली बार दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में संसद में पारित किया और दिव्यांगजनों के लिए आवंटन राशि को 330 करोड़ से 5 गुना बढ़ाकर 2000 करोड़ तक पहुंचाया।

# वर्कआउट वीडियो के जरिए फिर चर्चा बटोरी रानी चटर्जी ने



मुंबई (ए.)। भोजपुरी इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्री रानी चटर्जी ने अपने वर्कआउट वीडियो के जरिए एक बार फिर चर्चा बटोरी। रानी चटर्जी ने सोशल मीडिया पर जिम सत्र का वीडियो साझा किया, जिसमें वह स्ट्रेचिंग और अन्य एक्सरसाइज करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो पर उन्होंने फिल्म 'हम किसी से कम नहीं' के मशहूर गीत 'क्या हुआ तेरा वादा' को बैकग्राउंड में जोड़ा, जिसे मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज दी थी। गाने के बोल मजरूह सुल्तानपुरी द्वारा लिखे गए थे और संगीत नसीर हुसैन ने दिया था। रानी ने इस वीडियो के साथ एक भावनात्मक संदेश भी साझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा दौलत का नशा इतना भी क्या कि खुद को ही भूल गए। खुद के लिए कुछ नहीं किया और अब तुम्हें कुछ भी याद नहीं। उनकी यह बात आत्मदेखभाल और जीवन में संतुलन की महत्ता को दर्शाती है। रानी के वर्कआउट वीडियो को उनके फैंस द्वारा खूब सराहा जा रहा है।

कमेंट सेक्शन में उन्हें 'क्वीन', 'बेस्ट मोटिवेशन' और 'इंस्पिरेशन' जैसे शब्दों से नवाजा जा रहा है। रानी हमेशा से फिटनेस और एक्टिंग दोनों में संतुलन बनाने के लिए जानी जाती रही हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने योग, स्ट्रेचिंग और अन्य वर्कआउट रूटीन साझा करती रहती हैं, जिससे वह कई लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। रानी चटर्जी की फिटनेस जर्नी बेहद प्रेरक रही है। एक वक्त उनका वजन काफी अधिक था, लेकिन उन्होंने अपनी मेहनत, योगाभ्यास, नियमित व्यायाम और हेल्दी डाइट के जरिए खुद को पूरी तरह ट्रांसफॉर्म किया। उनके इस बदलाव ने यह साबित कर दिया कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतरता से कुछ भी संभव है। रानी का वर्तमान लुक और फिटनेस लेवल उनकी मेहनत का साक्ष्य है। अभिनेत्री के करियर की बात करें तो उनके कई प्रोजेक्ट्स रिलीज के लिए तैयार हैं। कुछ हाल ही में रिलीज हो चुके हैं और दर्शकों द्वारा सराहे गए हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'परिणय सूत्र' को दर्शकों का अच्छा प्रेम मिला। अभिनय, फिटनेस और सोशल मीडिया एक्टिविटी तीनों में संतुलन बनाते हुए रानी लगातार सुर्खियों में बनी रहती हैं।

# प्रीति ने सिक्का उछाल कर लिया था फिल्मी दुनिया में आने का फैसला



मुंबई (ए.)। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा चुलबुली मुस्कान, बेबाक अंदाज और नैचुरल एक्टिंग के जरिए बॉलीवुड में एक अलग पहचान बना चुकी है। बहुत कम लोगों को मालूम हो कि प्रीति जिंटा ने फिल्मी दुनिया में कॅरियर बनाने का फैसला सिक्का उछालकर तय किया था। प्रीति का जन्म 31 जनवरी 1975 को शिमला में हुआ था। पिता दुर्गानंद जिंटा भारतीय सेना में अधिकारी थे, जबकि मां नीलप्रभा गृहिणी थीं। जब प्रीति केवल 13 साल की थीं, तब एक सड़क दुर्घटना में उनके पिता का निधन हो गया और मां लंबे समय तक गंभीर रूप से घायल रहीं। इस हादसे ने प्रीति को कम उम्र में ही परिपक्व बना दिया।

पढ़ाई में हमेशा आगे रहने वाली प्रीति ने शिमला से स्कूली शिक्षा पूरी की, फिर इंग्लिश ऑनर्स में ग्रेजुएशन किया और इसके बाद क्रिमिनल साइकोलॉजी में पोस्ट ग्रेजुएशन भी किया। फिल्मी दुनिया में आने की कहानी उतनी ही दिलचस्प है जितनी उनकी फिल्मों के किरदार। एक इंटरव्यू में प्रीति ने बताया था कि निर्देशक शेखर कपूर उन्हें फिल्म 'तारा रम पम पम' के लिए साइन करना चाहते थे। वह निर्णय को किस्मत पर छोड़ते हुए बोलीं—अगर मेरी किस्मत में यही लिखा है तो सिक्का उछालकर तय कर लूंगी। सिक्के पर हेड आया और उसी पल प्रीति ने ठान लिया कि वह एक्टिंग की दुनिया में कदम रखेंगी।

हालांकि यह फिल्म बाद में सैफ अली खान और रानी मुखर्जी के साथ बनी, लेकिन प्रीति के लिए नए रास्ते खुल चुके थे। उन्होंने 1998 में शाहरुख खान की फिल्म 'दिल से' से डेब्यू किया। छोटे रोल में भी उनकी मासूमियत और स्क्रीन प्रेजेंस ने दर्शकों को खासा प्रभावित किया। इसके बाद 'सोल्जर', 'क्या कहना', 'संघर्ष', 'दिल चाहता है', 'कल हो ना हो', 'वीर-जारा', 'सलाम नमस्ते' और 'कभी अलविदा ना कहना' जैसी फिल्मों ने उन्हें बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों की सूची में शामिल कर दिया। अभिनय के लिए उन्हें कई पुरस्कार मिले, जिनमें 'कल हो ना हो' का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी शामिल है। साल 2016 में उन्होंने अमेरिकी बिजनेसमैन जीन गुडइनफ से शादी की और आज वह अमेरिका में अपने पति और जुड़वा बच्चों के साथ खुशहाल जीवन जी रही हैं।

# रामचरण बने जुड़वां बच्चों के पिता, चिरंजीवी ने दी जानकारी



मुंबई (ईएमएस)। अभिनेता रामचरण के पिता और सुपरस्टार चिरंजीवी ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी कि उनके बेटे राम चरण की पत्नी उपासना कोनिडेला ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया है। इनमें एक बेटा और एक बेटी है। खुशी के इस अवसर पर राम चरण और उपासना ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। साल 2023 में राम चरण और उपासना की पहली संतान बेटी क्लिन कारा कोनिडेला पैदा हुई थी। उपासना ने अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी अक्टूबर 2025 में घोषित की थी। राम चरण ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, तीन बच्चों का आशीर्वाद मिलना मुझे बहुत कृतज्ञ महसूस कराता है। मैं अपने सभी प्रशंसकों, प्रियजनों और शुभचिंतकों का दिल से आभारी हूं, जो हर पल हमारे साथ खड़े रहे और हमें सपोर्ट दिया।

उपासना ने भावुक होकर कहा, आज मैं तीन बच्चों की मां बनकर बहुत धन्य महसूस कर रही हूं, ठीक वैसा ही जैसा हमने सोचा था। हमारी कोशिश रहेगी कि हम बच्चों की परवरिश ऐसे करें जो मजबूत भी हों और विनम्र भी। उन्हें पता हो कि विशेषाधिकार के साथ जिम्मेदारी भी आती है। एक बार फिर दादा बने चिरंजीवी ने पोस्ट किया, अत्यंत खुशी और कृतज्ञता से भरे दिल के साथ हमें यह बताने में खुशी हो रही है कि राम चरण और उपासना को जुड़वां बच्चों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। पोस्ट में लिखा कि यह परिवार के लिए बड़ी खुशी का पल है। उन्होंने सभी के प्रार्थना, प्यार और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही बताया कि मां और बच्चे एकदम स्वस्थ हैं। उन्होंने लिखा कि वे दादा-दादी बनकर बहुत खुश हैं और इसे ईश्वरीय आशीर्वाद मानते हैं।

यह परिवार के लिए बहुत खास और खुशी भरा पल है। चिरंजीवी के सोशल मीडिया पोस्ट पर बॉलीवुड और फिल्म इंडस्ट्री की कई हस्तियों ने खुशी जताते हुए बधाई दी। फिल्म आरआरआर के सह कलाकार जूनियर एनटीआर ने कोनिडेला परिवार को परिवार में नए सदस्य के आगमन पर प्यार, स्वास्थ्य और खुशी की शुभकामनाएं दीं। जूनियर एनटीआर ने एक्स पोस्ट किया, रामचरण और उपासना को जुड़वां बच्चों के जन्म पर हार्दिक बधाई। परिवार को प्यार, स्वास्थ्य और खुशियों की शुभकामनाएं। जैकी श्रॉफ की पत्नी आयशा श्रॉफ ने कमेंट में चिरंजीवी और पूरे परिवार को जुड़वां बच्चों की खुशखबरी पर बधाई दी।



# जेनेलिया-रितेश देशमुख ने एक-दूजे को दी शादी की 14वीं सालगिरह की बधाई, अपने पार्टनर के लिए लिखा प्यारा नोट

जेनेलिया देशमुख और रितेश देशमुख की आज शादी की सालगिरह है। इस खास मौके पर दोनों ने एक-दूजे पर जमकर प्यार बरसाया। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर दोनों ने एक-दूजे के लिए प्यारा नोट भी लिखा है। तो वहीं रितेश ने एक मजेदार वीडियो शेयर किया है

**जेनेलिया का पोस्ट**

जेनेलिया ने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी से लेकर हल्दी, सगाई तक की कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ ही जेनेलिया ने कैप्शन में लिखा, 'मैं तुमसे प्यार करती हूं आज, कल और हमेशा मेरे साथी।' इसके साथ ही जेनेलिया ने लाल दिल वाला इमोजी भी बनाया। जेनेलिया ने रितेश के लिए आगे लिखा, 'मेरे जीवन का सबसे खूबसूरत अध्याय रहेगो। सालगिरह मुबारक हो रितेश।

# 'तुम्हें हीरोइन का रोल नहीं मिलेगा', नीना गुप्ता ने बेटी मसाबा को एक्ट्रेस बनने से किया था मना; दी थी ये सलाह

अभिनेत्री नीना गुप्ता इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'वध 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म के प्रमोशन में जुटीं नीना गुप्ता ने हाल ही में बताया कि एक समय उनकी बेटी मसाबा गुप्ता भी अभिनेत्री बनना चाहती थीं। लेकिन नीना ने मसाबा को इंडस्ट्री के बारे में कुछ ऐसा बता दिया और उन्हें एक्ट्रेस बनने के सपने देखने से मना कर दिया। हालांकि, बाद में मसाबा का काम देखकर नीना खुद हैरान रह गईं।

**नीना गुप्ता ने मसाबा को हीरोइन बनने से रोका**

एएनआई के साथ बातचीत के दौरान नीना ने मसाबा की बॉलीवुड में मुख्य अभिनेत्री बनने की ख्वाहिशों को याद किया। नीना ने बताया कि यह उसका फैसला नहीं था। बस हो गया। हालात ऐसे थे। मसाबा अपने आसपास के लोगों से प्रभावित थीं, जो इसी तरह की महत्वाकांक्षाएं रखते थे। मैंने उससे कहा, देखो तुम्हारा चेहरा ऐसा है, तुम्हारा शरीर ऐसा है। तुम्हें किसी हिंदी फिल्म की हीरोइन का रोल नहीं मिलेगा, क्योंकि तुम वैसी नहीं दिखती हो। यह सच है। तुम उस दौर की किसी हिंदी फिल्म की हीरोइन जैसी नहीं दिखती हो।

**मसाबा को एक्टिंग सीखने के लिए किया प्रोत्साहित**

नीना गुप्ता ने बताया कि उन्होंने मसाबा को प्रोफेशनल एक्टिंग ट्रेनिंग लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कैरेक्टर वाले किरदार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# फिल्म तू या मैं में नजर आएंगी पारुल गुलाटी

मुंबई (ए.)। अभिनय के साथ-साथ एक सफल उद्यमी के तौर पर भी अपनी पहचान रखने वाली अभिनेत्री पारुल गुलाटी अब थ्रिलर फिल्म तू या मैं में नजर आएंगी। इस फिल्म में पारुल लायरा नाम का किरदार निभा रही हैं, जो शनाया कपूर के किरदार की करीबी दोस्त और मैनेजर है। फिल्म का हिस्सा बनने पर पारुल ने कहा, आनंद एल राय का सिनेमा मुझे हमेशा से आकर्षित करता रहा है। फिल्म की कहानी नाटकीय होने के साथ-साथ भावनात्मक रूप से शानदार है और दर्शकों को भीतर तक छू जाएगी।पारुल ने अपने किरदार को लेकर बताया, मेरा किरदार लायरा सिर्फ एक दोस्त नहीं है बल्कि एक ऐसा इंसान है जो हर मुश्किल में साथ खड़ी रहती है, सही सवाल पूछती है, जरूरत पड़ने पर टोकती भी है और बिना शर्त समर्थन करती है। मैं इस किरदार को निभाकर बेहद खुश हूं और अभी भी इस एहसास में डूबी हुई हूं कि मुझे इतना अहम रोल निभाने का मौका मिला है। पारुल ने कहा, लायरा कोई साधारण या साइड कैरेक्टर नहीं है, बल्कि कहानी की भावनात्मक रीढ़ है।



यह किरदार फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है। मेरे लिए यह अनुभव इसलिए भी खास है क्योंकि मैं ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहती थी जिनमें किरदारों की गहराई हो और कहानी दिल से जुड़ी हो। इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। आनंद एल राय के साथ काम करने के अनुभव को लेकर पारुल गुलाटी ने कहा, एक कलाकार और एक क्रिएटर के तौर पर इससे बेहतर सहयोग शायद मुझे कभी नहीं मिल सकता था। आनंद एल राय की फिल्में वही सिनेमा हैं, जिनकी ओर मैं हमेशा खिंचती रही हूं। यह एक ऐसा दुर्लभ मौका है, जो जिंदगी में कम ही मिलता है, जहां बड़ी स्क्रीन की भव्यता के साथ-साथ कहानी में दिल और भावना दोनों मौजूद हों।

पारुल गुलाटी ने फिल्म की पूरी टीम के प्रति आभार भी जताया। उन्होंने कहा, मैं मेकर्स की शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे लायरा जैसा मजबूत किरदार सौंपा। मेरे लिए एक अनोखी थ्रिलर और क्रिएचर यूनिवर्स का हिस्सा बनना बेहद खास अनुभव है। मैं इस फिल्म को लेकर बहुत खुश, आभारी और उत्साहित हूं और चाहती हूं कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर जरूर देखें। फिल्म तू या मैं में पारुल गुलाटी के साथ आदर्श गौरव और शनाया कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं, जिनकी फिल्मों की पहचान भावनाओं, रिश्तों और गहराई से जुड़ी कहानियों के लिए रही है।

# फिल्मों में आने से पहले टीवी की जानी-मानी शख्सियत थीं अमृता अरोड़ा

फिल्मों में आने से पहले टीवी की जानी-मानी शख्सियत थीं अमृता अरोड़ा



मुंबई (ईएमएस)। बॉलीवुड अभिनेत्री अमृता अरोड़ा भले ही आज फिल्मों से दूर हों, लेकिन शोबिज की चमक में उनका नाम अब भी उतनी ही गर्मजोशी से लिया जाता है। अपना जन्मदिन मना रहीं अमृता का फिल्मी सफर लंबा भले न रहा हो, लेकिन उन्होंने इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान जरूर बनाई। 31 जनवरी 1978 को मुंबई में जन्मीं अमृता मलयाली कैथोलिक परिवार से ताल्लुक रखती हैं। फिल्मों में कदम रखने से पहले वे टीवी की जानी-मानी शख्सियत थीं। मात्र 17 साल की उम्र में ही उन्होंने एमटीवी के लोकप्रिय शोज 'हाउसफुल' और 'चिल आउट' को होस्ट किया और बतौर वीजे खूब लोकप्रियता हासिल की।

टीवी से फिल्मी दुनिया में उनका सफर 2002 की फिल्म 'कितने दूर कितने पास' से शुरू हुआ। इसके बाद उन्होंने 'आवारा पागल दीवाना', 'गर्लफ्रेंड', 'एक और एक ग्यारह', 'मुझसे शादी करोगी', 'गोलमाल रिटर्न' और 'कमबख्त इश्क' जैसी कई फिल्मों में अभिनय किया।

हालांकि उनकी ज्यादातर फिल्में औसत रहीं और उन्हें वह सफलता नहीं मिल पाई जिसकी उन्हें उम्मीद थी। करीयर भले ही उम्मीद के मुताबिक नहीं चला, लेकिन साल 2009 में अमृता ने शकील से शादी करके फिल्मों से दूरी बना ली। उनकी शादी भी बेहद चर्चा में रही, क्योंकि शकील पहले अमृता की एक करीबी सहेली के पति थे। इसके बावजूद अमृता ने विवादों पर कभी खुलकर प्रतिक्रिया नहीं दी और आज वह अपने पति और दो बेटों के साथ खुशहाल जीवन जी रही हैं।

अमृता का ग्लैमर दुनिया से कनेक्शन अभी भी मजबूत है।

करीना कपूर खान और मलाइका अरोड़ा के साथ उनकी दोस्ती बॉलीवुड की सबसे चर्चित तिकड़ी में से एक मानी जाती है। तीनों अक्सर पार्टियों, वेकेशन्स और सोशल मीडिया पोस्ट्स के जरिए सुर्खियों में रहती हैं, जिससे अमृता शोबिज का हिस्सा बनी रहती हैं। फिल्मों से दूर होने के बाद अमृता ने बिजनेस की दुनिया में भी कदम रखा।

# सनी देओल से भिड़ेंगे अक्षय खन्ना, अनिल और विजय की होगी टक्कर; नेटफ्लिक्स पर क्या नया? देखें पूरी लिस्ट

ओटीटी दिग्गज नेटफ्लिक्स ने आज मंगलवार को अपनी आगामी सीरीज और फिल्मों का एलान किया है। इस साल भारतीय दर्शकों को इस प्लेटफॉर्म पर क्या खास देखने को मिलने वाला है। नजर डालते हैं पूरी लिस्ट पर?

**'हैलो बच्चों' में नजर आएंगे विनीत कुमार सिंह**

एक्टर विनीत कुमार सिंह की 'हैलो बच्चों' का एलान भी आज मंगलवार को हो गया है। नेटफ्लिक्स की इस फिल्म में शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों की स्थिति दिखाई गई है।

**'ढिंडोरा 2' का एलान**



कॉमेडी-ड्रामा वेब सीरीज 'ढिंडोरा' के दूसरे सीजन का एलान हो गया है। 'ढिंढोरा 2' का मजेदार एनाउंसमेंट वीडियो जारी हुआ है। यह दूसरा सीजन नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा।

**सीरीज 'फैमिली बिजनेस' का टीजर जारी**

नेटफ्लिक्स पर आज मंगलवार को सीरीज 'फैमिली बिजनेस' का फर्स्ट लुक जारी किया गया है। इसमें विजय वर्मा और अनिल कपूर नजर आएंगे। रिया चक्रवर्ती भी सीरीज का हिस्सा हैं।

**'इक्का' में दिखेंगे सनी देओल और अक्षय खन्ना**

नेटफ्लिक्स की आगामी फिल्म 'इक्का' का एलान भी किया गया है। इसमें सनी देओल और अक्षय खन्ना लीड रोल में नजर आएंगे।

# 'धुरंधर 2' की शूटिंग को लेकर हंगामा, ड्रोन उड़ाने पर कार्रवाई; किस पर दर्ज हुई एफआईआर?

मुंबई में फिल्म 'धुरंधर 2' की शूटिंग के दौरान नियमों के उल्लंघन का मामला सामने आया है। दक्षिणी मुंबई के हाई सिक्योरिटी वाले फोर्ट इलाके में बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने के आरोप में फिल्म के लोकेशन मैनेजर के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

**ड्रोन उड़ाने की परमिशन नहीं ली गई**

पुलिस के मुताबिक 1 फरवरी को एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में लोकेशन मैनेजर रिंकू राजपाल वाल्मीकि के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 223 के तहत FIR दर्ज की गई। आरोप है कि शूटिंग के एक सीन के लिए ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया गया, लेकिन इसके लिए जरूरी आधिकारिक अनुमति नहीं ली गई थी।

## टी-20 विश्व कप- इन खिलाड़ियों ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने के साथ-साथ जीते हैं खिताब

नई दिल्ली(आरएनएस)। टी-20 विश्व कप के इतिहास में अब तक 2 भारतीय खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने हैं। जसप्रीत बुमराह और विराट कोहली (2 बार) ऐसे भारतीय हैं, जिन्होंने ये मुकाम हासिल किया है। हालांकि, कोहली प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने (2014 और 2016) के दौरान खिताब नहीं जीत सके थे। इस बीच विश्व के उन खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने के साथ ही खिताब जीतने में भी सफलता हासिल की है।

इंग्लैंड क्रिकेट टीम पहली बार 2010 में विजेता बनी थी। पॉल कोलिंगवुड की कप्तानी में खेलते हुए इंग्लैंड ने फाइनल में 7 विकेट से ऑस्ट्रेलिया को हराया था। उस संस्करण में केविन पीटरसन का बल्ला खूब चला था। इस पूर्व आक्रामक बल्लेबाज ने 6 पारियों में 62.00 की औसत और 137.77 की स्ट्राइक रेट के साथ 248 रन बनाए थे। उन्होंने 73* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 2 अर्धशतक भी अपने नाम किए थे।

टी-20 विश्व कप 2021 में ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर ने 7 मैच की 7 पारियों में 146.70 की स्ट्राइक रेट और 48.16 की औसत से 289 रन बनाए थे। इस बीच उनके बल्ले से 3 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 89* रन था। फाइनल में उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 38 गेंदों में 53 रन बनाए थे। खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने कीवी टीम को 8 विकेट से शिकस्त दी थी।

सैम कर्रन ने टी-20 विश्व कप 2022 में 6 मैचों में 11.38 की औसत और 6.52 की इकॉनमी रेट से 13 विकेट लिए, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। वह टी-20 विश्व कप के किसी एक संस्करण में इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे। उन्होंने फाइनल में सिर्फ 12 रन देकर 3 विकेट लिए थे। उस संस्करण के फाइनल में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया था।

टी-20 विश्व कप 2024 में बुमराह संयुक्त रूप से तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। उन्होंने 8 मैच में 8.26 की उम्दा औसत और 4.17 की बेहतरीन इकॉनमी रेट से 15 विकेट लिए थे। टूर्नामेंट में उनसे सबसे ज्यादा विकेट संयुक्त रूप से फजलहक फारूकी (17) और अर्शदीप सिंह (17) ने लिए थे। वहीं, फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराते हुए अपना दूसरा खिताब जीता था।

## टी-20 विश्व कप: इन गेंदबाजों ने 6 से कम की इकॉनमी रेट से 25+ विकेट लिए

नई दिल्ली,(आरएनएस)। क्रिकेट के खेल में उम्दा बल्लेबाज मैच जिताते हैं और अच्छे गेंदबाज टूर्नामेंट। टी-20 विश्व कप के इतिहास में भी कुछ गेंदबाजों ने अविश्वनीय प्रदर्शन करते हुए अपनी-अपनी टीमों को विश्व विजेता बनाया है। 2024 में खेले गए पिछले संस्करण में भारतीय टीम ने खिताब जीता था, जिसमें जसप्रीत बुमराह की अहम भूमिका रही थी। इस बीच टी-20 विश्व कप में उन गेंदबाजों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने 6 से कम की इकॉनमी रेट से 25+ विकेट लिए हैं।

क्रिकइंफो के अनुसार, बुमराह अब तक टी-20 विश्व कप के तीन 3 संस्करणों (2016, 2021 और 2024) में खेल चुके हैं। वह पीठ की चोट के कारण 2022 के संस्करण में नहीं खेल पाए थे। इस दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने टूर्नामेंट में 18 मैचों में 14.30 की औसत से 26 विकेट लिए हैं। बुमराह का इकॉनमी रेट 5.44 है, जो कम से कम 25 विश्व कप विकेट लेने वाले गेंदबाजों में सबसे अच्छा है।

न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने टी-20 विश्व कप में कमाल का प्रदर्शन किया था। उन्होंने इस वैश्विक टूर्नामेंट में 18 मैचों में 12.50 की औसत के साथ 34 विकेट लिए हैं। इस बीच उनकी इकॉनमी रेट 5.93 की रही थी। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 13 रन देते हुए 4 विकेट लेना रहा। वह विश्व कप के इतिहास में टिम साउथी (36) के बाद न्यूजीलैंड के लिए दूसरे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।


## कमिंस टी20 विश्वकप से बाहर हुए, इ्वार्शियस शामिल

मेलबर्न (ए)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस टी20 विश्व कप 2026 से बाहर हो गये हैं। कमिंस ने पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण विश्वकप कप से नाम



वापस ले लिया है। कमिंस ने कहा कि उनका लक्ष्य आगामी टेस्ट सत्र के लिए पूरी तरह से फिट होना है ताकि वह सभी मैच खेल सकें। इसलिए उन्होंने तय किया कि विश्वकप से बाहर रहना ही ठीक है। कमिंस के बाहर होने के कारण उनकी जगह पर बेन ड्वार्शियस को टीम में शामिल किया गया है। कमिंस ने कहा, मैं पहले से काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैं कुछ सप्ताह तक आराम करूंगा और फिर आगे की योजना बनाऊंगा। उन्होंने कहा, एडिलेड टेस्ट मैच के बाद हमें पता था कि चोट को पूरी तरह से ठीक होने में चार से आठ सप्ताह का समय लगेगा। शुरू में हमें लगा था कि इसमें चार सप्ताह ही लगेंगे, क्योंकि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था पर अभी किये एक स्कैन में चिकित्सकों ने पाया कि मुझे पूरी तरह ठीक होने में कुछ सप्ताह और लगेंगे। ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट मैचों का कार्यक्रम अगस्त से शुरू होगा, तब उसे बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलेगा। इसके बाद वह सितंबर में टेस्ट और एकदिवसीय के लिए टीम दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। टीम इसके बाद न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी और फिर पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के लिए भारत का दौरा करेगा।

# भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने से अपने प्रशंसकों और समर्थकों को देगी पाकिस्तान टीम : कपिल



### एक पूरी पीढ़ी ही समाप्त हो जाएगी

नई दिल्ली (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि अगर पाकिस्तान टी20 विश्वकप में भारत के खिलाफ नहीं खेलता तो उसे ही सबसे अधिक नुकसान का सामना करना पड़ेगा। कपिल के अनुसार इससे पाकिस्तान टीम अपने प्रशंसक और समर्थक खो देगी और उसका क्रिकेट कई साल पीछे चला जाएंगा। कपिल के अनुसार पाक का मैच नहीं खेलने का फैसला उसके क्रिकेटरों की एक पीढ़ी को ही नष्ट कर देगा। उन्होंने कहा, अगर फैसला खिलाड़ियों ने लिया है, तो वे सामने आकर कह सकते हैं पर अगर बोर्ड कहता है कि आप नहीं खेलेंगे, तो ये पाकिस्तान के लिए बर्बादी लाने वाला फैसला होगा। इससे आप एक पूरी पीढ़ी को ही समाप्त कर रहे हैं। अगर आप इन लड़कों को विश्व कप में खेलने नहीं देंगे, तो आप पूरी पीढ़ी को ही समाप्त कर देंगे और खेल को नुकसान पहुंचाएंगे। इस प्रकार आप अपने ही खिलाड़ियों के साथ अन्याय करेंगे। कपिल ने कहा है कि अगर मैच नहीं हुआ तो दर्शक निराश होंगे पर अगर पाक भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने के अपने फैसले पर बना रहा तो वह अपने प्रशंसक भी खो देगा। उन्होंने कहा, इसके बाद लंबे समय में, कोई भी उन्हें याद नहीं करेगा क्योंकि लोग उसने आगे बारे में ज्यादा समय तक नहीं सोचेंगे और आखिर में वे आगे बढ़ जाएंगे।पाकिस्तान सरकार ने रविवार को घोषणा की थी कि पाकिस्तान की टीम टी20 विश्व कप 2026 में खेलेगी पर 15 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच में टीम नहीं उतरेगी। यह फैसला पाकिस्तान ने बांग्लादेश के समर्थन में लिया है। वहीं कपिल ने कहा कि अगर मैच के बहिष्कार का फैसला पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) करता है, तो इससे पाक की छवि को ही नुकसान होगा और देश के क्रिकेटर बेकार हो जाएंगे। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाक के मैच का बहिष्कार करने के फैसले पर नाराजगी जताते हुए पीसीबी ने जवाब मांगा है।

## बीसीसीआई ने टी20 विश्वकप के पहले अभ्यास मैचों के लिए भारत ए टीम घोषित की

मुम्बई (ए.)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने टी20 विश्वकप से पहले होने वाले अभ्यास मैच के लिए भारत ए टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम की कप्तानी युवा बल्लेबाज आयुष बडोनी को सौंपी गयी है। वहीं सर्जरी के बाद फिट हुए बल्लेबाज तिलक वर्मा को को भी टीम में शामिल किया गया है। टी20 विश्वकप 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। इससे पहले अभ्यास मुकाबले खेले जाएंगे। भारतीय ए टीम दो अभ्यास मैच खेलेगी। पहला अभ्यास मैच अमेरिका और दूसरा नामीबिया के खिलाफ होगा।तिलक इसी सप्ताह मुंबई में टीम से जुड़ेंगे। सर्जरी के कारण वह न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर थे। ऐसे में अब उनका लक्ष्य विश्वप कप से पहले अभ्यास मैचों के जरिये लय हासिल करना रहेगा। वहीं टीम की कप्तानी करने वाले आयुष का लक्ष्य भी बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। भारत ए टीम में आईपीएल सहित घरेलू क्रिकेट के कई अच्छे खिलाड़ी भी शामिल हैं। इनमें प्रियांश आर्य, मयंक यादव, विप्रज निगम और रियान पराग जैसे खिलाड़ी हैं।

# भारत सरकार का धन्यवाद... पद्म श्री अवॉर्ड मिलने पर रोहित शर्मा ने बोली बड़ी बात

नईदिल्ली (आरएनएस)। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म श्री से सम्मानित होने पर आभार व्यक्त किया है. उन्होंने इसे अपने और अपने परिवार के लिए एक खास पल बताया और कहा कि वह भारत के लिए मैच जीतना जारी रखेंगे. इस अवॉर्ड को खास पल बताते हुए, रोहित ने भारत सरकार और उन सभी लोगों को धन्यवाद दिया जिन्होंने क्रिकेट में उनके पूरे सफर में उनका साथ दिया।

रोहित शर्मा ने कहा, पद्म श्री मिलना मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत खास पल है. मैं इस सम्मान के लिए भारत सरकार का धन्यवाद करता हूं. मैं उन सभी लोगों का भी आभारी हूं जिन्होंने मेरे करियर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. अपने देश के लिए मैच और ट्रॉफियां जीतने की मेरी कोशिश हमेशा जारी रहेगी. धन्यवाद, जय हिंद?

बता दें कि इस साल रोहित शर्मा समेत 8 खिलाड़ियों को पद्म अवॉर्ड के लिए चुना गया है. जिसमें पूर्व टेनिस स्टार विजय अमृतराज को पद्म भूषण और बाकी सात खिलाड़ियों को पद्म श्री अवॉर्ड मिला है. जिसमें भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का भी नाम शामिल है।



रोहित, जिन्होंने 2007 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था, पिछले 19 सालों में सभी फॉर्मेट में भारत के सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे हैं. उन्होंने एक बल्लेबाज और एक कप्तान दोनों के तौर पर भारतीय क्रिकेट पर एक महत्वपूर्ण छाप छोड़ी है।

रोहित की कप्तानी में, भारत ने ग्लोबल स्टेज पर बड़ी सफलता हासिल की. ब्लू जर्सी वाली टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर 2024 में टी20 वर्ल्ड कप जीता, जिससे सबसे छोटे फॉर्मेट में आईसीसी खिताब के लिए लंबा इंतजार खत्म हुआ. एक साल बाद, भारत ने 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती, जिससे एक सफल लीडर के तौर पर रोहित की काबिलियत और मजबूत हुई।

कप्तान के तौर पर अपनी उपलब्धियों के अलावा, रोहित ने इंटरनेशनल क्रिकेट में एक शानदार बैटिंग रिकॉर्ड बनाया है. टेस्ट में, उन्होंने 67 मैचों में 12 शतकों सहित 4,300 से ज्यादा रन बनाए. वनडे इंटरनेशनल में, रोहित ने 282 मैचों में 33 शतकों के साथ 11,500 से ज्यादा रन बनाए. टी20 इंटरनेशनल में, उन्होंने पांच शतकों सहित 4,231 से ज्यादा रन बनाए हैं, जिससे वह इस फॉर्मेट के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक बन गए हैं.रोहित ने टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल से रिटायरमेंट ले लिया है, लेकिन वह अभी भी वनडे खेल रहे हैं और टीम के लिए रन बना रहे हैं क्योंकि उनका लक्ष्य 2027 में वर्ल्ड कप खेलना है।

## जगदीशन की आक्रामक बल्लेबाजी से भारत ए ने अभ्यास मैच में अमेरिका को हराया

नवी मुम्बई (आरएनएस)। नारायण जगदीशन की आक्रामक बल्लेबाजी से भारत ए ने यहां टी20 विश्वकप क्रिकेट के पहले ही अभ्यास मैच में संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) को 38 रनों हरा दिया। इस मैच से बल्लेबाज तिलक वर्मा ने भी टीम में अच्छी वापसी की है। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए विकेटकीपर-बल्लेबाज जगदीशन ने केवल 55 मैचों में ही 104 रन बना दिये। अपनी इस पारी मे जगदीशन ने 11 चौके और 5 छक्के लगाये और अमेरिकी टीम को कोई अवसर नहीं दिया। इस मैच में अमेरिकी कप्तान मोनांक पटेल ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारत ए ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 238 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए अमेरिकी टीम 19.4 ओवर में ही 200 रनों पर ही आउट हो गयी।

# विदेश समाचार

## तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे पर विदेश मंत्री जयशंकर, वाशिंगटन में मार्को रुबियो से करेंगे मुलाकात

वाशिंगटन ,(ए)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर अमेरिका की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर न्यूयॉर्क पहुंचे हैं। वे महत्वपूर्ण खनिजों में सहयोग पर केंद्रित बातचीत के तहत मंगलवार को वाशिंगटन में विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात करेंगे। यह बैठक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच फोन पर बातचीत के एक दिन बाद हो रही है। इस बातचीत के बाद राष्ट्रपति ने भारत के साथ एक व्यापार समझौते की घोषणा की। इस घोषणा से दोनों पक्षों के बीच उच्च-स्तरीय मुलाकातों को और गति मिली है। एक आधिकारिक घोषणा के अनुसार, एस जयशंकर 2 फरवरी से 4 फरवरी तक की यात्रा में रुबियो की ओर से आयोजित महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय बैठक में भी हिस्सा लेंगे। इस बैठक में भागीदार देश सप्लाई चेन लचीलेपन और रणनीतिक सहयोग पर चर्चा करेंगे।

विदेश मंत्री इस यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क से वाशिंगटन जाएंगे। वह मंगलवार को रुबियो के साथ द्विपक्षीय बातचीत कर सकते हैं, जिसके बाद बुधवार को मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के सम्मेलन को संबोधित करने की उम्मीद है।द्विपक्षीय बातचीत में क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों सहित कई मुद्दों की समीक्षा होने की उम्मीद है। इनमें यूक्रेन में युद्ध से संबंधित घटनाक्रम और मध्य पूर्व की स्थिति, साथ ही आर्थिक और रणनीतिक सहयोग शामिल हैं। मंत्रिस्तरीय बैठक के अलावा, जयशंकर अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ सदस्यों से भी मिलेंगे।

# तनाव के बीच अमेरिका का एफ-15 मिडिल ईस्ट लौटा, ईरानी ने की जवाबी तैयारी?

### -ईरान का मल्टी लेयर सुरक्षा कवच देख पेंटागन के रणनीतिकारों की बढ़ी चिंता



वाशिंगटन,(ए)। अमेरिका-ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिका का एफ1-15 मिडिल ईस्ट लौट आया है। जॉर्डन में इसे तैनात किया गया था और एफ15 ने ईरानी ड्रोन को गिराया था। इसके बाद अब यह वापस आ गया। 15 स्ट्राइक ईगल मिडिल ईस्ट में फिर से तैनात किया। अमेरिका द्वारा ईरान पर संभावित हमले की कारवाही के बीच ईरान ने अपनी हवाई सीमा को और ज्यादा सुरक्षित कर लिया है। ईरान ने अपने एयर डिफेंस को दुनिया के सबसे सघन और आधुनिक रक्षा नेटवर्क में तब्दील कर दिया है।

बता दें जून 2025 के 12 दिन तक चले संघर्ष में अपनी कमजोरियों को भांपने के बाद तेहरान ने इस बार रूस और अपनी स्वदेशी तकनीक के दम पर एक ऐसा मल्टी लेयर सुरक्षा कवच तैयार किया है जिसने पेंटागन के रणनीतिकारों को चिंता में डाल दिया है। ईरान ने ना सिर्फ रूसी एयर डिफेंस सिस्टम बल्कि अपने स्वदेशी वायु रक्षा तंत्र को भी मजबूत किया है। ईरान ने एक दो नहीं बल्कि पांच लेयर्स में डिफेंस सिस्टम्स तैनात किए हैं जो उसे एक अभेद्य सुरक्षा देते हैं।

## समझौते से अमेरिकी किसानों को बेहतर दाम मिलेंगे, ज्यादा पैसा आएगा

वाशिंगटन,(ए.)। भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते को लेकर चर्चाएं तेज हो गई है। अमेरिकी कृषि सचिव ब्रुक रोलिंस ने दावा किया है कि इस समझौते के बाद अमेरिका भारत के बाजार में बड़े पैमाने पर अपने कृषि उत्पाद भेज सकेगा। उन्होंने कहा कि इससे अमेरिकी किसानों को बेहतर दाम मिलेंगे और ग्रामीण अमेरिका में ज्यादा पैसा पहुंचेगा। हालांकि भारत सरकार की ओर से इस समझौते की पूरी शर्तें सार्वजनिक नहीं की गई हैं, लेकिन अमेरिकी बयान के बाद भारत में राजनीतिक और किसान संगठनों की चिंता बढ़ गई है।मीडिया रिपोर्ट में रोलिंस ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर अमेरिकी किसानों के लिए नतीजे दिए हैं। उनके मुताबिक नया भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत के विशाल बाजार में अमेरिकी कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ाएगा, जिससे कीमतें बेहतर होंगी और ग्रामीण अमेरिका की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। यह 'अमेरिका फर्स्ट' नीति की बड़ी सफलता है। 2024 में भारत के साथ अमेरिका का कृषि व्यापार घाटा करीब 1.3 बिलियन डॉलर था।

## अमेरिका में आंशिक शटडाउन का चौथा दिन, ट्रंप की सांसदों से फंडिंग मंजूरी के लिए वोट अपील

अमेरिका(आरएनएस)। अमेरिका में फिलहाल आंशिक रूप से शटडाउन लागू है। कुछ समय पहले ही अमेरिका में अब तक का सबसे लंबा शटडाउन लागू हुआ था। वहीं, 2026 के फंडिंग बजट को मंजूरी नहीं मिलने की वजह से एक बार फिर से आंशिक शटडाउन लागू हो गया है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सांसदों से आंशिक सरकारी शटडाउन को जल्दी खत्म करने की अपील की है। राष्ट्रपति ट्रंप ने उठाए गए मुद्दों और चिंताओं पर अच्छी नीयत से काम करने का वादा किया है। यह शटडाउन ऐसे समय में हुआ है, जब डेमोक्रेटिक सांसद जनवरी में मिनियापोलिस में दो अमेरिकी नागरिकों की फायरिंग में मौत के बाद इमिग्रेशन ऑपरेशन में बदलाव की मांग कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से आंशिक शटडाउन खत्म करने की अपील की, लेकिन न तो रिपब्लिकन और न ही डेमोक्रेट सांसद मंजूरी देने के लिए तैयार दिखे। सांसदों में मिनियापोलिस में मारे गए दो लोगों को लेकर काफी आक्रोश है। उनकी मांग है कि पहले इमिग्रेशन एनफोर्समेंट ऑपरेशन को लेकर संसद में चर्चा की जाए।

डेमोक्रेट्स हाउस स्पीकर माइक जॉनसन को पैकेज को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी वोट देने से मना कर रहे हैं। मिनियापोलिस में इमिग्रेशन एजेंटों द्वारा दूसरे अमेरिकी नागरिक को गोली मारे जाने के बाद अमेरिकी सांसद ट्रंप सरकार के निष्कासन के लिए जारी ऑपरेशन पर नियंत्रण चाहते हैं।

सांसदों की पैकेज को लेकर अपनी शिकायतें हैं और फिर इमिग्रेशन और कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) के ऑपरेशन को लेकर टकराव भी देखने को मिल रहा है। फंडिंग को मंजूरी देने के लिए मंगलवार को वोटिंग शुरू होने की उम्मीद है।

## बांग्लादेश में चुनाव से पहले चरम पर अपराध, हिंसा से जुड़े आंकड़े बेहद चिंताजनक

ढाका ,(आरएनएस)। बांग्लादेश में 13वें संसदीय चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है। 12 फरवरी को होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की तैयारी भी जोरशोर से चल रही है। इन सबके बीच देशभर में भारी हिंसा देखने को मिल रही है। चुनावी हिंसा ने लोगों की चिंता को बढ़ा दिया है। बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने 11 दिसंबर 2025 को चुनाव की तारीख का ऐलान किया था। इसके तुरंत बाद इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान बिन हादी की ढाका में दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। हादी की हत्या के बाद कई राजनीतिक हत्याएं देखने को मिलीं। बांग्लादेशी मीडिया ढाका ट्रिब्यून ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि शेड्यूल जारी होने के बाद से चुनाव से जुड़ी घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई है और 500 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। हालांकि, मानवाधिकार संगठन ने लॉ एंड ऑर्डर की हालत बिगड़ने की रिपोर्ट दी है। 21 जनवरी को कैंपेन शुरू होने के बाद से उन्होंने चार मौतें, 414 घायल और झड़प की 51 घटनाएं दर्ज की हैं।निर्दलीय उम्मीदवार सलमान उमर रुबेल के समर्थक नजरुल इस्लाम की मैमनसिंह के धोबौरा के इरशाद बाज़ार में हत्या कर दी गई। जमात-ए-इस्लामी के सेक्रेटरी रेजाउल करीम की शेरपुर के श्रीबर्दी उपजिला में पीट-पीटकर और ईंटों से कुचलकर मौत हो गई। अचमिता यूनियन के पूर्व बीएनपी अध्यक्ष और कटियाडी, किशोरगंज-2 से पूर्व यूनियन परिषद सदस्य मोहम्मद कमाल उद्दीन और कंचन, रूपगंज, नारायणगंज में स्वैच्छिक दल के नेता अजहर की मौत हो गई। पुलिस हेडक्वार्टर की ओर से साझा आंकड़ों के अनुसार, 12 दिसंबर 2025 से लेकर 26 जनवरी 2026 तक कुल 144 हिंसा के मामले दर्ज किए गए हैं।

# तेल खरीद पर ट्रंप के दावों की रूस ने खोली पोल, कहा- भारत से तो ऐसा कुछ भी नहीं सुना

मॉस्को (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद भारत-रूस संबंधों को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर चर्चा तेज हो गई है। ट्रंप ने सोमवार को कहा था कि भारत ने अमेरिका के साथ हाल ही में हुए व्यापार समझौते के तहत रूस से तेल खरीदना बंद करने पर सहमति दी है। हालांकि रूस ने इस दावे को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि भारत की ओर से उन्हें ऐसा कोई आधिकारिक संदेश नहीं मिला है।

### ट्रंप का बड़ा दावा

ट्रंप ने बताया कि अमेरिका और भारत के बीच एक नया व्यापार समझौता हुआ है, जिसके तहत अमेरिकी बाजार में भारतीय निर्यात पर लगने वाला टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके जवाब में ट्रंप ने दावा किया कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और अमेरिका से अधिक तेल खरीदेगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि भारत का रूस से तेल खरीदना यूक्रेन युद्ध में रूस को अप्रत्यक्ष मदद पहुंचा रहा है।

### रूस की स्पष्ट प्रतिक्रिया



रूस के राष्ट्रपति कार्यालय (क्रेमलिन) के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मंगलवार को कहा कि मॉस्को भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी वाले रिश्तों को बेहद अहम मानता है और उन्हें और मजबूत करना चाहता है। पेसकोव ने कहा, अब तक हमें भारत की ओर से रूस से तेल खरीदने को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं मिला है।उन्होंने आगे कहा, हम द्विपक्षीय अमेरिकी-भारतीय संबंधों का सम्मान करते हैं, लेकिन रूस-भारत रणनीतिक साझेदारी हमारे लिए उतनी ही महत्वपूर्ण है। भारत के साथ हमारे संबंध अत्यंत मूल्यवान हैं और हम उन्हें आगे भी विकसित करना चाहते हैं।

### तेल, कूटनीति और वैश्विक राजनीति

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से 2022 में भारत रियायती रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बनकर उभरा है। पश्चिमी देशों ने इसे लेकर नाराज़गी जताई और रूस की ऊर्जा आय को सीमित करने के लिए प्रतिबंध लगाए। भारत का रुख हमेशा यह रहा है कि उसकी ऊर्जा सुरक्षा और राष्ट्रीय हित प्राथमिकता में हैं।हालांकि, ट्रंप के दावे और रूस के इनकार के बीच स्थिति अभी अस्पष्ट है। भारत की ओर से इस मसले पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ऐसे में तेल, व्यापार और कूटनीति का यह विवाद अभी जारी रहने की संभावना है।





# कलेक्टर ने की जिले में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा

## सभी विकास एवं निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयसीमा में पूर्ण कराएं - कलेक्टर




सीहोर,( निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्माण विभागों की बैठक आयोजित कर जिले में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को जिले में चल रहे सभी निर्माण एवं विकास कार्यों में तेजी लाते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने मैदानी अमले को लक्ष्य देकर उसके अनुरूप कार्य को पूर्ण कराए। इसके साथ ही सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास एवं निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान यदि गुणवत्ता में कोई कमी पाई जाती है तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी विकास एवं निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग करें और कार्यों को जल्द से जल्द से पूर्ण कराएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी कार्य के लिए उतनी ही समय सीमा बताई जाए जितने समय मे वह कार्य पूर्ण हो सके।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए लोक निर्माण विभाग को सभी सड़कों एवं पुलों के निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अतिक्रमण के कारण यदि कही सड़क निर्माण कार्य में दिक्कत आती है, तो वहां त्वरित कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण को हटाया जाए और निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में लोक निमार्ण विभाग, जल संसाधन, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मध्यप्रदेश भवन विकास निगम, शिक्षा विभाग, सेतु निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को

सीहोर( निप्र)। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जिला उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय आवासीय प्रवेश चयन परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 8 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 1 बजे तक चलेगी। श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा में कुल 2 हजार 870 विद्यार्थी एवं जिला उत्कृष्ट/मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा में 80 हजार 699 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल 386 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट www.mpsos.nic.in पर अपलोड कर दिए गए हैं। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि सभी परीक्षार्थी समय रहते अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें तथा निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों।

# संत रविदास जन्मोत्सव- श्यामपुर में निकला चल समारोह

सीहोर( निप्र)। मंगलवार को श्यामपुर क्षेत्र में संत रविदास जंयति बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। बस स्टैण्ड स्थित संत रविदास मंदिर पर बडी संख्या में अहिरवार समाज के लोग एकत्रित हुए। इस मौके पर पुरानी बस्ती से प्रांरभ होकर चल समारोह नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए रविदास मंदिर तक निकाला गया। कार्यक्रम में सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बडी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम जनक्रांति जयभीम उत्थान संघ के तत्वाधान में आयोजित किया गया। मंच संचालन प्रदीप सरकार ने किया। रविदास मंदिर के संस्थापक सदस्य मंशाराम अहिरवार ने कहा कि समाज में बदलाव की आवश्यकता है, लोगों को कुरीतियां को छोडना होगा और महापुरुषों के संदेशों को अपनाने की जरूरत है। समाज में व्यापक स्तर पर नशामुक्ति अभियान चलाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में नर्बदाप्रसाद अहिरवार, विष्णु प्रसाद अहिरवार, अहिरवार समाज संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश अहिरवार, विनोद बडोदिया, प्रदीप सरकार, भोलाराम अहिरवार, रोहित अहिरवार, रविशंकर, मुकेश, आनंद, विक्की, रामबाबू, लक्ष्मण अहिरवार, मुकेश, आनंद, विश्राम सिंह सहित बडी संख्या में लोग शामिल हुए।




## कलेक्टर-एसपी ने ICARD पहुंचकर 07 फरवरी को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



सीहोर,( निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. और एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने आष्टा स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर एग्रीकल्चर रिसर्च इन दा ड्राई एरियास (ICARDA) पहुंचकर 07 फरवरी को प्रस्तावित किसान सम्मेलन एवं लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का शामिल होना प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं, यातायात, बैठक, सुरक्षा एवं अन्य तैयारियों का निरीक्षण कर कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एएसपी श्रीमती सुनीता रावत, एसडीएम नितिन टाले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## शहर का नाम रोशन करने वालों का नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर करेंगे सम्मान, 100 प्रतिभाओं नाम किया शामिल

सीहोर (निप्र)। शहर के इतिहास में पहली बार प्रतिभाओं को मंच से सम्मान देने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शहर के बाल विहार मैदान पर शाम छह बजे टीवी एक्टर नेहा मेहता और बड़ी संख्या में संत-कथा वाचकों और जनप्रतिनिधियों के द्वारा भव्य प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर चयन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इसमें अब तक 100 से अधिक प्रतिभाओं का नाम शामिल किया गया है। वहीं नगर पालिका की तरफ से सीहोर गौरव सम्मान समारोह के लिए प्रतिभाओं को खोज जारी है। यह कहना है नगर पालिका में मंगलवार को हुई एक विशेष बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर का। सीहोर गौरव सम्मान समारोह के दौरान नगर पालिका स्वच्छता का संकल्प दिलाएगी, नगर पालिका ने स्वच्छता 2026 में देश में अव्वल आने का लक्ष्य रखा है। नपाध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने के लिए सभी का मिलकर प्रयास करना जरूरी है।

# प्रदेश के ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को मिलेगा पूरा मुआवजा - राजस्व मंत्री श्री वर्मा

## राजस्व मंत्री ने देवास के ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



सीहोर( निप्र)। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ है। सरकार अत्यंत संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों, मकानों एवं मवेशियों की क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे कार्य निरंतर किया जा रहा है। सर्वे पूर्ण होने के बाद सभी पात्र ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को उनकी क्षति का पूरा मुआवजा प्रदान किया जाएगा। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने देवास जिले में ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का निरीक्षण कर किसानों से चर्चा के दौरान यह बात कही। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने देवास जिले के ओलावृष्टि प्रभावित ग्राम रमलखेड़ी, खजुरिया बीना एवं करनावद का निरीक्षण कर किसानों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान किसानों ने बताया कि ओलावृष्टि के कारण उनकी फसलों को नुकसान हुआ है। मंत्री श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि सर्वे कार्य में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कोई भी किसान छूटने ना पाए। प्रत्येक प्रभावित किसान को राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के दौरान हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीला अटारिया, अपर कलेक्टर संजीव जैन, बागली एसडीएम शिवम यादव सहित जनप्रतिनिधि एवं राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भैरुंदा पुलिस ने खेत से केबल चोरी करने वाले आरोपी को 12 घंटे के अंदर पकड़ा

भेरूंदा (संजय कलमोर )। फरियादी ओमप्रकाश पवांर पिता शंकरलाल पवांर उम्र 28 साल निवासी किसान मोहल्ला भैरुंदा ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि ग्राम अतरालिया व रिछाडिया कदीम के बीच श्री हरी हरानंद वेयर हाउस के पास से मेरी ट्युबवेल की मोटर मे लगी श्री सागर कंपनी की केबल तथा दुसरे ट्युबवेल की मोटर जिसमें टेक्समो टार कंपनी की केबल व माईक्रो टारगेट कंपनी की टार्च तथा मेरे पडोसी रामनिवास बाकरिया के कुए मे डली अंकित कंपनी की केबल एवं टार्च कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 62/26 धारा 303(2) बीएनएस का दर्ज कर विवेचना मे लिया गयामामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति सुनीता रावत एवं एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में पुलिस की टीम द्वारा अज्ञात आरोपी एवं चोरी गये मशरुका की तलाश की जा रही थी की दौराने तलाश एक संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई पूछताछ पर अपना नाम राज बारेला पिता नान सिंह पटेल उम्र 19 साल निवासी ग्राम बंसतपुर टाडी थाना भैरुंदा का होना बताया । जिससे प्रकरण सदर मे चोरी गये मशरुका के संबंध मे पूछताछ की गयी जिसने अपना जुर्म स्वीकार किया गया बाद आरोपी राज बारेला के बताये अनुसार उसके कब्जे से चोरी गया मशरुका कुल 04 केबल 210 फिट, अन्य सामाग्री व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल कुल कीमती करीबन 60 हज़ार का मशरूका जप्त किया गया व आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गयी।

## युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के प्रथम नगर आगमन पर युवा मोर्चा नगर मंडल ने गर्म जोशी के साथ किया भव्य स्वागत

सीहोर( निप्र)। मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के प्रथम नगर आगमन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल सीहोर द्वारा गर्म जोशी के साथ जोरदार स्वागत किया गया साथ ही नगर मंडल के द्वारा श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी में केंद्र शासन द्वारा प्रदर्शित बजट के ऊपर एक युवा संवाद का आयोजन किया गया जिसमें अधिक संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।इस युवा संवाद में अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन, भाजपा सीहोर नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप सम्राट, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र पाटीदार रहे। स्वागत कार्यक्रम में युवा मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष सुनील राय।



## भागवत कथा के तीसरे दिन शिव-पार्वती विवाह-मनुष्य की व्यथा कभी समाप्त नहीं होती

सीहोर (निप्र)। जीवन में भगवान की कथा और मनुष्य की व्यथा कभी समाप्त नहीं होती। यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जहां इंसान मोह, अपेक्षाओं और मन की चंचलता के कारण पीड़ा भोगता रहता है। यह व्यथा शारीरिक या मानसिक हो सकती है। यह बात शहर के वृन्दावन कालोनी में श्री सांवरिया सेठ एवं चौरासी महादेव प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिवस कथा वाचक रविन्द्राचार्य ने कहे। श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को शिव पार्वती का विवाह समारोह आयोजित किया गया। इससे पहले भोलेनाथ की बारात लेकर गण गाजे बाजे के साथ नाचते गाते माता पार्वती के घर पहुंचे। जहां शिव-पार्वती विवाह संपन्न हुआ। शिव कथा का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि हरि कथा और मनुष्य की व्यथा कभी समाप्त नहीं होती। इस संबंध में जानकारी देते हुए समिति की अध्यक्ष उषा राज शर्मा ने बताया कि कथा के चौथे दिवस ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, राम चरित्र के अलावा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।




## सर्व जाति सामूहिक विवाह में कराया निशुल्क रुप से कन्याओं का विवाह

### भागवत कथा का समापन-प्रेम के आगे उद्धव का ज्ञान हार गया-जगद गुरु पंडित अजय पुरोहित



सीहोर (निप्र)। शहर के नगर पालिका के समीपस्थ चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिवस समिति के तत्वाधान में भव्य रूप से सर्व जाति सामूहिक विवाह उत्सव मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कन्याओं विवाह पूर्ण विधि-विधान से किया गया। वहीं कथा के अंतिम दिवस जगद गुरु पंडित अजय पुरोहित ने उद्धव और गोपियों के प्रेम और ज्ञान के संवाद का विस्तार से वर्णन करते हुए कहाकि उद्धवमन नहीं दस-बीस, एक थो वो श्याम संग गयो, कौन अराधे ईश' ज्ञानी उद्धव ब्रज की गोपियों का प्रेम देखकर सुध-बुध भूल गया। गोपियों के प्रेम के आगे उद्धव का ज्ञान हार गया। भगवान का नाम जपना शुरू करो। गोपियों ने कहा उद्धव तुम्हारा ज्ञान तुम्हारे पास रखो। हमारा तन कृष्ण है, मन कृष्ण है और रोम-रोम कृष्ण है। उद्धव हमारा एक मन था और वह कृष्ण के साथ चला गया। अब हम भगवान का भजन किस मन से करें, मन दस बीस नहीं है। उद्धव ने हर तरीके से गोपियों को ज्ञान का उपदेश देने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे। गोपियों का प्रेम उद्धव के ज्ञान पर हावी हो गया और ज्ञान प्रेम से हार गया। प्रेम ज्ञान से बड़ा होता है। प्रेम से भगवान को पाया जा सकता है। प्रेम ही पत्थर में भगवान देख सकता है।

मंगलवार को भगवान कृष्ण और उद्धव के सुंदर प्रसंग का वर्णन किया। इसे सुनकर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। एक समय भगवान श्री कृष्ण उदास बैठे थे, तभी उनके मित्र व परम भक्त उद्धव जी उनके पास आए और उनसे पूछा कि हे वासुदेव ऐसी कौन सी बात है, जिससे आप उदास हैं। तब श्री कृष्ण ने कहा कि हमें गोपियों की याद सता रही है। आप गोकुल जाओ और गोपियों को समझाओ कि कृष्ण जल्द गोकुल लौटेंगे। जब उद्धव ने गोपियों से श्रीकृष्ण प्रेम मोह छोड़ने की बात कही तो गोपियों ने कहा कि जिसे प्रेम का ज्ञान नहीं, वह ज्ञानी नहीं हो सकता। गोपियों का श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम देख उद्धव का अभिमान चूर चूर हो गया।

## विंध्य वासिनी स्कूल बायां की छात्रा का 69वीं राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता में चयन

बुधनी,बांया (संजय कलमोर )। विंध्यवासिनी कॉन्वेंट हाई सेकेंडरी स्कूल बायां की कक्षा 11वीं की छात्रा दीपा हरियाले का 69 वी राष्ट्रीय शालेय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता 19 वर्ष आयु वर्ग बालिका हेतु चयन हुआ है! प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मध्य प्रदेश शालेय दल का प्री-नेशनल कोचिंग कैंप जिला टीकमगढ़ में आयोजित किया गया था जिसमें सीहोर जिला से दीपा हरियाले का चयन किया गया दीपा हरियाले मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए नागपुर में आयोजित सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। विंध्य वासिनी कॉन्वेंट हाई सेकेंडरी स्कूल बायां विकासखंड बुधनी शाला प्राचार्य एवं विद्यार्थियों समस्त स्टाफ एवं कोच विकास सिंह राजपूत ने भी बधाई दी गई



# ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर शिविर लगाकर किया गया 1048 बच्चों का टीकाकरण



सीहोर, (निप्र ) स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 03 फरवरी को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 758 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 290 बच्चों का टीकाकरण किया गया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com